डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22

वर्ष : 09 >अंक : 25 >मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

साप्ताहिक समाचार | मीडिया दृष्टिकोण

# हिलव्यू समाचार

विद्रोह की आग शोषण की चिंगारी से ही फैलती है।
-शालिनी श्रीवास्तव

जयपुर, बुधवार, 21 दिसम्बर 2022

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

website: www.hsnews.in

## राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ द्वारा विधायक रफ़ीक़ ख़ान की दोगली कार्यनीति के ख़िलाफ़ कांग्रेस सरकार को खुली चेतावनी



रफ़ीक़ ख़ान, विधायक आदर्शनगर विधानसभा



अतिक्रमणकारी साधु सियारामदास, कनकबिहारी मंदिर, गलता गेट, जयपुर

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। 30 सितम्बर 2022 से कनक बिहारी मंदिर के आंशिक रंग-रोगन की आड़ में गलता गेट गोवर्धनपुरी,जयपुर में राजकीय बालिका विद्यालय की ज़मीन पर लगातार अवैध निर्माण जारी है। 1611.11 वर्गगज पर चल रहे अवैध निर्माण में अतिक्रमणकारी साधु सियारामदास साधु के हौसले स्थानीय विधायक रफ़ीक़ ख़ान के सहयोग के चलते बहुत बुलंद हो गए हैं कि कोर्ट के द्वारा नव निर्माण के स्थगन आदेश के बावजूद भी लगातार अवैध निर्माण जारी है।

राकेश मीणा जो कि एक जागरूक स्थानीय नागरिक है ने आदिवासी परिवारों की बालिकाओं की शिक्षा के अधिकार को समझते हुए इस अवैध निर्माण का विरोध प्रदर्शन करना प्रारंभ किया। मौखिक,लिखित सभी तरीक़े से शासन और प्रशासन के सभी ज़िम्मेदार अफसर व नेताओं के संज्ञान में सारा मामला लाया गया लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं आयी लेकिन 21 अक्टूबर से लगातार हिलव्यू समाचार राकेश मीणा की सामाजिक सेवा पीड़ा को प्रकाशित करता आया है।

आदर्शनगर विधानसभा विधायक रफ़ीक़ ख़ान उपमहापौर असलम फ़ारुखी हैरीटेज सहित कई पार्षदों, प्रॉपर्टी कारोबारियों,असामाजिक तत्वों,माफ़ियाओं के ज़रिए मनमानी राजनीति कर रहे हैं। इनके रसूख के चलते अतिक्रमण,अवैध निर्माण,अवैध गतिविधियों का संचालन आदर्शनगर क्षेत्र की शांति भंग कर रहे हैं। कई मामलों में आदर्श नगर में चर्चा है कि विधायक का सहयोग और मिलीभगत ही इन सबकी जड़ है। पीड़ित राकेश मीणा पर मॉब लीचिंग,पुलिस दबाव,भय वातावरण निर्माण,उपेक्षा के बाद SC/ST एडीजे कोर्ट न्यायालय से विधायक सहित अन्य पर FIR,उसमें भी अनुसंधान अधिकारी रामगंज सुनील प्रसाद शर्मा (ACP) की संदिग्ध भूमिका। शासन और प्रशासन के हर पहलू को यह अवैध निर्माण की पूरी ख़बर लेकिन और कार्यवाही नहीं? इस अवैध निर्माण के लिए प्रथम प्रणेता राकेश मीणा ने शुरू से जंग छेड़ रखी है और तो और संभवत यह प्रदेश का पहला मामला है जिसमें जनहितार्थ सरकारी संपति बचाने के लिए नेताओं और अफसरों के दमन से परेशान होकर ,इस अवैध निर्माण के ख़िलाफ़ आगे संघर्ष जारी रखने के लिए राकेश मीणा ने राजकीय पुलिस कर्मचारी पद से इस्तीफ़ा दे दिया।

राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ के अध्यक्ष गिर्राज मीणा ने बताया कि 05 अक्टूबर 2022 को राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ ने कांग्रेस सरकार को चुनौती दी है और केंद्र में स्थानीय विधायक रफ़ीक़ ख़ान के द्वारा किये गए अवैध निर्णय व कार्यों को संज्ञान में लाया है।

सम्पूर्ण मामले की जानकारी मय पत्रावली व दस्तावेज़ सोनिया गाँधी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस,मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राष्ट्रीय प्रभारी राजस्थान अजय माकन,गोविन्द डोटासरा प्रदेशाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान को भेज दी गयी है।

राकेश मीणा कनकबिहारी मंदिर की आड़ में चल रहे अवैध निर्माण के विरोध के प्रथम प्रणेता हैं जिसने लगातार इस अवैध निर्माण के विरुद्ध जंग छेड़ रखी है।

**राहुल की राजस्थान यात्रा के दौरान भी जयराम रमेश, विभाकर शास्त्री को पेश किया गया है। राहुल से केवल गोदी मीडिया को ही मिलने के आदेश हुए और प्रयास किया गया कि वास्तविकता रखने वाले अख़बार, चैनल और पत्रकार राहुल से रूबरू न हों लेकिन उसके बावजूद राहुल तक यह मामला पहुंचा दिया गया है।**



गिर्राज मीणा, अध्यक्ष आदिवासी संघ जयपुर



राकेश मीणा आमजन, पीड़ित व स्थानीय निवासी गोवर्धनपुरी, गलतागेट जयपुर

## ख़बर-बेख़बर


### प्लॉट न.314 शांतिपथ देवीमाता मंदिर रोड़, गली न.06 प्लॉट न.88 सहित कई अवैध निर्माणों में लिप्त है वार्ड 94 पार्षद घनश्यामदास चंदलानी

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। वार्ड 94 का पार्षद घनश्यामदास चंदलानी ने सर्वानन्द पार्क में साईं मंदिर के पास 100x30 का हॉल अवैध निर्माण कर लिया और एक और राजनैतिक पार्टी भाजपा का अवैध कार्यालय पूर्व से संचालित है। पार्क में राजनैतिक गतिविधियाँ, बैठकें और कार्यकलाप कर रहे हैं । प्लॉट न.314 शांतिपथ देवीमाता मंदिर रोड़,गली न.06 प्लॉट न.88 सहित कई अवैध निर्माणों में मालिकाना हक़ या साझेदारी कर घनश्यामदास चंदलानी लगातार सरकार को चूना लगा रहे हैं।

### क्या गहलोत सरकार को ये नज़र नहीं आ रहा?

- शासन-प्रशासन आख़िर पार्कों पर होने वाले अवैध कब्जों पर शिकंजा क्यों नहीं कस रहा?
- घनश्यामदास चंदलानी के सैकड़ों अवैध प्रोजेक्ट सांठगांठ,पार्टनशिप और स्वयं ऑनरशिप से चल रहे हैं।
- आदर्शनगर ज़ोन ने अब तक इसके किसी भी अवैध प्रोजेक्ट को टारगेट नहीं किया है..... क्यों?





- आदर्शनगर, राजापार्क में बिना सेटबैक छोड़े,बिना अनुमति, बिना नक़्शे के अप्रूव्ड के धड़ाधड़ बन रही है बहुमंज़िला बिल्डिंगें।
- ताज़ाफल वाली रोड़,शांतिपथ,सिंधी कॉलोनी प्लॉट न.314 में अवैध निर्माण बेसमेंट से शुरू हो गया।
- साईंकृपा, जवाहर नगर रोड़ वाली बिल्डिंग पर झूठा शपथ पत्र देकर चंदलानी फ्री हो गए।
- श्यामपान भंडार, बर्फ़खाने के पास चार अवैध शोरूम बनाकर मस्त हैं। पार्षद घनश्यामदास चंदलानी वार्ड 94 आम जनता का शोषण लगातार शोषण कर रहे हैं। सरकार की नाक के नीचे अवैध निर्माण के लगातार संचालन कर रहे हैं लेकिन प्रशासन ने अब तक कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की इन अवैध निर्माणों पर यह एक यक्ष प्रश्न है शासन प्रशासन के लिए।



प्लॉट नं. 314, शांति पथ, ताज़ाफ़ल वाली रोड़, राजपार्क, जयपुर



रामगली न.06,प्लॉट न.88,आदर्शनगर,राजापार्क

**हिलव्यू समाचार की ख़बर का असर**

## 02 साल से लंबित भ्रष्टाचार की सील खोली आदर्शनगर जोन उपायुक्त सुरेश राव ने





**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। जवाहर नगर सेक्टर 04/582 के मामले में भ्रष्टाचार व लालच के चलते की गई 02 वर्ष पूर्व की सील आख़िर खोल दी गयी।

जवाहर नगर सेक्टर 04 निवासी नंदू देवी पीड़ित को आख़िर न्याय मिल ही गया। यह सील डीएलबी के सीजर खुलने के आदेश के बावजूद भी दो वर्ष से लंबित चल रही थी।

मात्र पानी की टँकी को सहारा देने के लिए नन्दू देवी निवासी 4/582 ने खुली छत पर पट्टियाँ रखकर अपने घर में पानी का इंतज़ाम किया था। प्रथम मंज़िल के सिरफिरे व्यक्ति की अवैध शिक़ायत पर बिना जाँच पड़ताल किये,बिना सोचे समझे अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए इस साधारण से काम को अवैध निर्माण क़रार देकर तात्कालीन आदर्शनगर नगर निगम हैरीटेज के जेईएन सुदामा यादव व उपायुक्त रामकिशोर मीणा ने दो वर्ष पूर्व मकान सीज कर दिया था।परिवार बेघर और दुःखी होकर किराए के मकान में शिफ्ट हुआ

यही नहीं तत्पश्चात नए तात्कालीन उपायुक्त मेघराज मीणा ने भी नहीं की सुनवाई और अंदरूनी तौर पर पीड़ित से सीजर खोलने के एवज में पचास हज़ार रुपये की माँग की गई। पीड़ित दर-बदर न्याय के लिए भटकते रहे।

हिलव्यू समाचार ने भी पीड़ित के पक्ष में आवाज़ उठायी

लगातार आदर्शनगर जोन में संपर्क और प्रयास से एवं वर्तमान उपायुक्त सुरेश राव की सकारात्मक व संवेदनशील प्रवृति ने राह आसान की और उपायुक्त सुरेश राव ने कमेटी गठित की। पूरी जाँच-पड़ताल के बाद रिपोर्ट में पीड़ित का सही पक्ष जानकर उपायुक्त ने त्वरित कार्यवाही और सीजर खोंलने के आदेश कर दिए। अंत में आदर्शनगर उपायुक्त सुरेश राव के आदेश से सील खुल गयी।

## भारत जोड़ो यात्रा ने एनडीए सरकार को हिला कर रख दिया है: अशोक गहलोत





**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में अंतिम दिवस गत मंगलवार को प्रेस वार्ता में सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने एनडीए सरकार को हिला कर रख दिया है। पीएम मोदी और अमित शाह घबरा गए हैं। नड्डा साहब और भाजपा वाले विचलित हो गए हैं।

मंगलवार को अलवर में प्रेस को सम्बोधित करते हुए सीएम गहलोत ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान के लिए वरदान साबित हुई है। यात्रा का जो उद्देश्य है, महंगाई से लोगों को राहत दिलाना, उसी हिसाब से राजस्थान की सरकार भी काम कर रही है। हमने 500 में गैस सिलेंडर देने का वादा किया। चिरंजीवी, पेंशन, शहरी मनरेगा, उड़ान एवं पुरानी पेंशन योजना का ज़िक्र करते हुए गहलोत ने कहा कि इनसे लोगों को महंगाई से राहत मिली है। हम इन योजनाओं को आधार बनाएंगे और आने वाले बजट में इनमें जो कमियां हैं उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे।

सीएम गहलोत ने कहा कि योजनाएं बनाना और उनका सफल क्रियान्वयन, दोनों दो तरह की चीजें होती हैं। ये 5 योजनाएं सफल हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा का हमने जो थीम रखा है, वो आगे भी चलता रहेगा। राजस्थान सरकार जल्द ही ओला, उबर, स्विगी जैसे ऐप के माध्यम से काम कर रहे गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा के लिए भी एक स्कीम बनाएगी, ताकि कंपनियां इनके साथ मनमानी ना कर सकें। ऐसा करने वाला राजस्थान पहला राज्य होगा।

सीएम गहलोत ने आगे कहा कि करोना कि दौरान हमारी सरकार ने लाखों लोगों की मदद की। कोई भूखा ना सोए, यह हमारा प्रयास था। अब जाकर सुप्रीम कोर्ट ने भी यही निर्णय दिया है कि कोई भूखा ना सोए, सरकार यह सुनिश्चित करें। सीएम गहलोत ने कहा कि यात्रा के दौरान जो मुद्दे सामने आए हैं हम उन पर भी काम करेंगे। राहुल गांधी ने अंग्रेजी स्कूलों की संख्या बढ़ाने को कहा है। हम पूरे राजस्थान में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों का जाल बिछा देंगे।

सीएम गहलोत ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का वोट की राजनीति से कोई सीधा संबंध नहीं है, लेकिन राजनीति में हम धरना प्रदर्शन भी करते हैं तो उसका एक मैसेज होता है। इस यात्रा का भी एक संदेश है। राहुल गांधी यात्रा के माध्यम से अपना संदेश देने में सफल हुए हैं। यात्रा के दौरान हजारों वैसे लोग आए जिन्हें इसके थीम से प्यार है। लोगों का मानना है कि बेरोज़गारी, महंगाई कम होनी चाहिए, अहिंसा की राह पर चलना चाहिए, संविधान बचेगा तो देश बचेगा।

## राजस्थान में जनता का मिला भरपूर समर्थन : जयराम रमेश



**जयपुर** । मंगलवार को राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा का आख़िरी रहा। मंगलवार को दोपहर कांग्रेस सांसद एवं पार्टी के संचार प्रभारी जयराम रमेश, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार के चेयरमैन पवन खेड़ा एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पत्रकारों से बातचीत की। इस बातचीत में जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का असर केंद्र की भाजपा सरकार पर दिखने लगा है। पूर्वी राजस्थान कैनाल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का पीएम नरेंद्र मोदी ने दो बार वादा किया था। लेकिन जब गहलोत सरकार ने प्रस्ताव भेजा तब उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आ रही थी। सीएम गहलोत ने इस मामले को लेकर कई बार पत्र लिखे हैं। कांग्रेस के राज्यसभा के सदस्य प्रमोद तिवारी ने इस मुद्दे को संसद में भी उठाया, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा था। अब जाकर उन्होंने कहा है कि इस पर वे सोचेंगे। यह भारत जोड़ो यात्रा का बड़ा असर है। वे समझ गए कि अगर इस मामले में कुछ नहीं करेंगे तो राजस्थान और खासकर के पूर्वी राजस्थान में उनकी बड़ी आलोचना होगी।

### ऐतिहासिक बालानन्द मठ, पुरानी बस्ती जयपुर में गद्दी की छिड़ी जंग, वर्चस्व की लड़ाई जारी

## विवाद के बीच आनन-फानन में जयरामदास को ओढ़ा दी चादर





**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। ऐतिहासिक बालानन्द मठ,पुरानी बस्ती जयपुर में गद्दी को लेकर जग छिड़ी हुई है। मठ के वर्चस्व की लड़ाई लगातार जारी है ऐसे में इस विवाद के चलते इसी दौरान अखिल भारतीय पंच निर्मोही अनी अखाड़ा के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्रदास,दिलीपदास जगन्नाथ मंदिर अहमदाबाद, तुलसीदास भागवत विद्यापीठ अयोध्या, रघुनाथदास विराट हनुमान कुरुक्षेत्र व जयपुर स्थानीय साधु व महंतों ने मिलकर अनुरुप संप्रदाय के नीमसार चादर पोसी के मत पर जयरामदास को गद्दी हेतु चादर ओढ़ा दी जबकि इस मठाधीश गद्दी पर विवाद चल रहा है क्योंकि इससे पहले से पीठ में वर्षो से विराजमान महेशदास का अपना दावा है कि हाल दिवंगत संत लक्ष्मणनाचार्य जी ने उनके पक्ष में उतराधिकारी की वसीयत की है दो माह पूर्व महेशदास को चादर ओढ़ा कर माला तिलक कर मठाधीश घोषित किया गया था।

## वर चाहिए



31 वर्ष 5'7" Software Engineer MNC Bangalore में कार्यरत एवं 29 वर्ष 5'2" B.Com, LL.B., LL.M Legal Faculty exp. 1 year हेतु Earning, योग्य एवं समकक्ष समस्त वैष्णव/ ब्राह्मण,शाकाहारी, किसी भी प्रकार के नशे से मुक्त वर ही स्वीकार्य। दहेज़ एवं ख़र्चीली शादी चाहने वाले कृपया माफ करें।

सम्पर्क करें- Mob. 9079046718

## सम्पादकीय

# महंगाई को नियंत्रित रखने की चुनौती...

## कठोरता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति मजबूत



**मुद्रास्फीति** को नियंत्रित करने के लिए हाल में आरबीआइ को आशानुरूप रेपो रेट में 35 आधार अंकों की वृद्धि करनी पड़ी। कोरोना के बाद की परिस्थितियों से निपटने के लिए अब तक पांचवीं बार रेपो रेट में वृद्धि की गई है। अप्रैल 2022 में यह चार प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 6.25 प्रतिशत हो गया है। रिजर्व बैंक के प्रयासों का ही परिणाम है कि महंगाई की दर नवंबर में घटकर दस माह के निचले स्तर 5.88 प्रतिशत रह गई, जबकि अक्टूबर में यह 6.77 प्रतिशत थी। आरबीआइ की तरफ से महंगाई की अधिकतम सीमा छह प्रतिशत तय की गई है। महंगाई पर नियंत्रण इसलिए भी आवश्यक है कि मुद्रास्फीति की दर ब्याज दर से अधिक होने से वास्तविक ब्याज दरें ऋणात्मक होने लगती हैं जिससे मुद्रा की क्रय शक्ति भी कम होने लगती है।

महंगाई को कम करने का आरबीआइ के पास सबसे बड़ा हथियार रेपो रेट ही है। रेपो रेट के बढ़ने का अपना ही अर्थशास्त्र होता है। इसके बढ़ने से ब्याज दरों में वृद्धि होने लगती है। होम लोन एवं वाहन लोन की दरें बढ़ जाती हैं। इससे एक तरफ बचतों को प्रोत्साहन मिलता है तो दूसरी ओर बैंक से ऋण लेने वाले हतोत्साहित होते हैं। निवेश में कमी आने से समग्र मांग एवं जीडीपी पर इसका असर दिखाई देने लगता है। यही कारण है कि आरबीआइ ने रेपो रेट को बढ़ाने के साथ ही विकास दर के अनुमान को भी घटाया है। वित्त वर्ष 2022-23 में विकास दर के अनुमान को सात प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया गया है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि आरबीआइ की नीतिगत कठोरता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति मजबूत बनी हुई है। दूसरी तिमाही में विकास दर के आंकड़ों से स्पष्ट है कि निजी उपभोग के बढ़ने से मांग धीमी गति से ही सही, परंतु निरंतर बढ़ रही है। सरकार का पूंजीगत व्यय इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट भी इस बात का समर्थन कर रही है कि भारत में किए जा रहे नीतिगत सुधारों और विवेकपूर्ण नियामक उपायों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक लचीला बनाया है।

जाहिर है कोरोना की चुनौतियों से भारतीय अर्थव्यवस्था को बाहर निकालने में आरबीआइ की मुद्रास्फीति प्रबंधन नीति महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रही है। अल्पकालिक और दीर्घकालिक विकास को संतुलित करने के उद्देश्य से आरबीआइ के समक्ष मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे आर्थिक विकास और रोजगार की संभावनाओं में तेजी लाई जा सके। इस संदर्भ में रेपो रेट बढ़ाकर मौद्रिक नीति के माध्यम से आर्थिक स्थिरता, वृद्धि और विकास सुनिश्चित करने में आरबीआइ की भूमिका पहले से भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

वैश्विक स्तर पर बदलते अनेक ऐसे अंतरराष्ट्रीय कारण भी थे, जो आरबीआइ को रेपो रेट में वृद्धि करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। कोरोना के बाद बदलते आर्थिक परिदृश्य एवं यूक्रेन-रूस युद्ध ने दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। मुद्रास्फीति से जूझती वैश्विक अर्थव्यवस्था में अब मंदी की आहट सुनाई देने लगी है। मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए विश्व के केंद्रीय बैंक अपनी-अपनी ब्याज दरों को निरंतर बढ़ा रहे हैं। आरबीआइ निरंतर इस बात का प्रयास कर रहा है कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में भारत की अर्थव्यवस्था पर मंदी का प्रभाव कम से कम हो एवं भारत दुनिया में सबसे तेज वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था भी बना रहे। अमेरिका में मुद्रास्फीति की दर के अधिक होने के कारण वहां का फेडरल बैंक भी ब्याज की दरों में निरंतर वृद्धि कर रहा है। गत अप्रैल से अमेरिका का फेडरल बैंक इसमें 3.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर चुका है। इन स्थितियों में फेडरेल बैंक का अनुसरण करते हुए आरबीआइ को भी अपनी ब्याज दरों में वृद्धि करनी पड़ेगी। अन्यथा विदेशी ब्याज दर के बढ़ने से विदेशी निवेशक अपना पैसा भारत से निकालने लगेंगे, जिसका सीधा प्रभाव मुद्रा के मूल्य में कमी के रूप में हमारे सामने आ सकता है।

इस प्रकार की स्थिति 2013 में भी उत्पन्न हुई थी, जिसे टेपर टैंट्रम का नाम दिया गया था। उस समय भी अमेरिका में ब्याज दरें अधिक हो गई थीं, तब विदेशी निवेशकों ने अपना पैसा भारत से निकाल कर अमेरिका में निवेश करना शुरू कर दिया था। आरबीआइ उस इतिहास को दोहराने से बचने का प्रयास कर रहा है। उस समय डालर के मुकाबले रुपया 15 प्रतिशत कमजोर हो गया था, जबकि जनवरी 2022 से अब तक डालर के मुकाबले रुपया केवल 9.5 प्रतिशत ही कमजोर हुआ है। इसके साथ ही अन्य विदेशी मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपया बेहतर कर रहा है। ऐसी स्थिति में भी आरबीआइ द्वारा रेपो रेट में वृद्धि करना जायज है। इससे मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने एवं वैश्विक आर्थिक स्थितियों से निपटने के लिए रुपये को स्थिर बनाने में भी मदद मिल रही है।

कठोर मौद्रिक नीति के अंतर्गत रेपो रेट बढ़ाने की अपनी सीमाएं और चुनौतियां भी हैं। रेपो रेट के नकारात्मक प्रभावों के कारण आर्थिक गतिविधियां कम होने से आर्थिक विकास पर ऋणात्मक प्रभाव पड़ने लगता है, जिससे निम्न आय वर्गों के लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा एक आवश्यकता बन जाती है। ऐसे में आरबीआइ के सामने यह यक्ष प्रश्न है कि महंगाई, आर्थिक विकास और वैश्विक आर्थिक स्थितियों के बीच कैसे संतुलन बनाया जाए? वर्तमान में बदलती वैश्विक परिस्थितियों में सरकार को अपनी राजकोषीय और मौद्रिक नीति की रणनीतियों को फिर से परिभाषित करने की आवश्यकता है।

# पुराने दोस्तों से दोबारा जुड़ें बीते लम्हों को फिर से जियें

जिंदगी के मोड़ पर कई लोग मिलते-बिछड़ते हैं. इनमें से कुछ लोगों से बेहद करीबी रिश्ता कायम हो जाता है तो कुछ लोगों से न चाहते हुए भी हम बिछड़ जाते हैं. स्कूल, कॉलेज, ऑफिस आदि जगहों पर कई लोगों से मुलाकात होती है, बातचीत का सिलसिला शुरू होता है और फिर दोस्ती हो जाती है. लेकिन करिअर तथा भविष्य संवारने के लिए कभी-कभी वे एक दूजे से दूर चले जाते हैं और दूसरे शहर या देश में जाकर अपनी जिंदगी में व्यस्त हो जाते हैं. इनसे पूरी तरह से कनेक्शन टूट जाता है और ये पूरी तरह से अजनबी हो जाते हैं. फिर एक दिन ऐसा आता है, जब पुराने बिछड़े दोस्त फिर से किसी राह पर अचानक टकरा जाते हैं.

हालांकि, तब दूरियां इतनी बढ़ जाती हैं कि समझ नहीं आता फिर से उनसे कनेक्शन कैसे डेवलप किया जाए, बातचीत कैसे शुरू की जाए. उस व्यक्ति को बेशक आप जानते हैं, लेकिन बात करने में हिचक, संकोच महसूस होने लगता है. यदि आपको भी कोई वर्षों पुराना दोस्त अचानक मिलता है तो उससे दोबारा से जुड़ाव, दोस्ती की शुरुआत करने के लिए इन बातों को जरूर ध्यान में रखें.





### सामने वाले को वक्त दें

नए दोस्त बनाना आसान होता है, लेकिन किसी वर्षों पुराने बिछड़े दोस्त से मिलने के बाद फिर से उससे बातचीत का सिलसिला शुरू करना उतना ही मुश्किल होता है. आपकी भी मुलाकात किसी पुराने दोस्त से अचानक होती है तो एक ही दिन में वो आपसे खुलकर बात करने लगे, इसकी उम्मीद न करें. ऐसा इसलिए, क्योंकि आपने वह पहले वाला अटैचमेंट, जुड़ाव खो दिया है. आप उससे ये उम्मीद न करें कि पहले आकर आपके जीवन के बारे में वह पूछे, जाने. जब आप इतने लंबे समय से दूर रह रहे हैं तो सामने वाले को वक्त दें. थोड़ा धैर्य रखें, धीरे-धीरे चीजें खुद-ब-खुद सही हो जाएंगी.

### सुखद पलों को याद करें

बातचीत की शुरुआत कर रहे हैं तो धीरे-धीरे एक-दूसरे से मिलना-जुलना शुरू करें. पुरानी यादों को ताजा करें, एक-दूसरे से शेयर करें. उन दिनों की बातें, घूमना-फिरना, मौज-मस्ती को याद करके उस पल को महसूस करने की कोशिश करें. अतीत में बिताए सुखद पलों को याद करके खूब हंसें. जहां गलतियां की थीं, उनको एक्सेप्ट करें. यादें आपकी टेंशन, स्ट्रेस को भी रिलीज करने में मदद करेंगी.

### वर्तमान जीवन के बारे में जानें

अब तक इतने साल जो आप एक-दूसरे से दूर रहे, कोई बातचीत नहीं हुई, उस दौरान आपने क्या-क्या किया, जिंदगी और करिअर में आप अब कहां पहुंच चुके हैं, इन मुद्दों पर बातें करें. जीवन में आगे क्या करना है, हॉबी, पैशन, परिवार से संबंधित सवाल भी पूछ सकते हैं. यदि आप दोनों को फिर से एक-दूसरे के साथ घुलना-मिलना पसंद आ रहा है, एक-दूसरे की कंपनी अच्छी लग रही है, तो ही ऐसे पर्सनल सवाल करें वरना इस रिश्ते को आगे बढ़ाने की कोशिश न करें.

### गलतफहमी दूर करें

यदि आपके बीच दूरियां किसी लड़ाई-झगड़े, गलतफहमी के कारण आई थीं तो उन मुद्दों को लेकर बात करें. उसे सुलझाने की कोशिश करें, न कि एक-दूसरे की गलतियां गिनाएं या दोषारोपण यानी ब्लेम करें. इससे अब कुछ हासिल नहीं होगा. मैच्योर इंसान की तरह पुरानी बातों, मुद्दों को सॉल्व करके दोस्ती को फिर से आगे ले जाने की कोशिश करें. यदि आप किसी रिलेशनशिप में हैं तो इस बात को भी बता दें. अपने रिलेशनशिप स्टेटस को बताना जरूरी है ताकि सामने वाला किसी गलतफहमी में न रहे और आपके बारे में अपने दिल-दिमाग में कुछ लाने से बच सके. ऐसा नहीं करेंगे तो उसे हर्ट होगा और फिर से आपके बीच दूरियां आ सकती हैं.

# ऑनलाइन स्कूलिंग के चलते लगी मोबाइल की लत !

**क्या आपका बच्चा भी दिनभर स्मार्टफोन पर वीडियोगेम या सोशल मीडिया पर चिपका रहता है? अगर ऐसा आपके घर में भी हो रहा है तो बता दें कि शहरी भारत के 40 प्रतिशत माता-पिता के लिए ये समस्या बनी हुई है. इस बात का खुलासा हाल ही में किए गए एक सर्वे में किया गया है. ये वे माता-पिता हैं जिनके बच्चों की उम्र 9 से 17 के बीच की है. ये सर्वे एक कम्युनिटी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा किया गया है.**



सर्वे के मुताबिक इन पैरेंट्स का मानना है कि कोरोना काल में ऑनलाइन स्कूल और गैजेट्स का अत्यधिक इस्तेमाल करने के कारण ही बच्चों को सोशल मीडिया और वीडियो गेमिंग की लत लगी है. यही नहीं, सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिए न्यूनतम आयु को लेकर भी काफी पैरेंट्स में असंतोष पाया गया है. 68 प्रतिशत माता-पिता का कहना है कि सोशल मीडिया अकाउंट खोलने की उम्र 13 से बढ़ाकर 15 वर्ष कर देना चाहिए.

### पहले अनुमति नहीं थी

सर्वे के मुताबिक 55 प्रतिशत शहरी भारतीय माता-पिता, जिनके बच्चों की उम्र 9 से 13 वर्ष के बीच थी, उनके पास पूरे दिन या अधिकांश दिन स्मार्टफोन का एक्सेस था, जबकि 71 प्रतिशत पैरेंट्स ने बताया कि उनके 13 और 17 के बीच की आयु वाले बच्चे पूरे दिन या अधिकांश समय स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं. अध्ययन बताता है कि महामारी के दौरान 9 साल की उम्र के बच्चे भी फेसबुक और इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया का उपयोग करने लगे, जबकि महामारी से पहले उनके पास इसकी अनुमति नहीं थी. कई बच्चे ऐसे भी हैं जो अपनी उम्र को अधिक दिखाकर अकाउंट बनाए हुए हैं और इनका इस्तेमाल कर रहे हैं.



### मानसिक व शारीरिक सेहत को नुकसान

विशेषज्ञों का कहना है कि सोशल मीडिया और स्क्रीन टाइम अधिक इस्तेमाल करने से उनमें नींद की कमी, चिड़चिड़ापन, तनाव, चिंता, अवसाद, कम आत्मसम्मान और एकाग्रता में कठिनाई की समस्या हो रही है. ऐसे में 18 की उम्र तक के बच्चों का एंग्जायटी व डिप्रेशन का समय-समय पर स्क्रीनिंग कराना जरूरी है. अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के मुताबिक, दिन में 2 घंटे से अधिक सोशल मीडिया या वीडियो गेम का इस्तेमाल मानसिक और शारीरिक सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है.

# अपने डर से लड़ें कॉन्फिडेंस पाएं



कई बार व्यक्ति के साथ कुछ ऐसे हादसे हो जाते हैं जिससे उसके आत्मविश्वास और आत्मसम्मान में कमी दिखने लग जाती है. यह स्थिति ऐसी होती है जिसमें व्यक्ति के पास थोड़ा सा भी कॉन्फिडेंस नहीं बचता है. ऐसे में व्यक्ति को लगता है कि उससे कोई प्रेम नहीं करता.

वह दूसरों द्वारा जज करने के डर से कोई भी काम ठीक से नहीं कर पाता है. उसे लगता है, कहीं लोग उसका मजाक उड़ाकर बेइज्जती न कर दें. इससे उनकी व्यक्तिगत जिंदगी के साथ-साथ प्रोफेशनल लाइफ भी खराब हो सकती है. ऐसे में जरूरी है कि आप अपने डर से लड़ें, उसे चुनौती दें. यह आपका खोया हुआ आत्मविश्वास लौटाने में मदद करेगा. इसके लिए कुछ जरूरी टिप्स अपना सकते हैं.

### स्थितियों को पहचानें

आपको वह स्थिति पहचानने की कोशिश करनी है जिसमें आपको गलत ख्याल आते हैं या डर लगता है. उसमें अपने आपको मजबूत बनाकर रखने की कोशिश करें.

### अपने विचारों के बारे में जानें

आप किस तरह की स्थिति में क्या निर्णय लेते हैं और आपको उस दौरान क्या विचार आते हैं, यह सोचने की कोशिश करें. अगर विचार नेगेटिव हैं या चैलेंजिंग हैं तो यह समझने की कोशिश करें कि इस पर क्या रिएक्ट करना है. जब भी आपके दिमाग में बुरे विचार आते हैं तो उनके पीछे का कारण समझने की कोशिश करें और यह जानें कि उनके पीछे का तर्क क्या है, वह क्यों आपको परेशान कर रहे हैं. कई बार लोग बहुत ज्यादा सोच-सोचकर खुद ही अपने विचारों को नेगेटिव कर लेते हैं.



### विचारधारा को बदलें

अब जब आपको सब तरह के रिएक्शन और विचारों के बारे में पता चल गया है तो धीरे-धीरे आपको इनको समझने की कोशिश करनी चाहिए और साथ ही आपको इन्हें बदलने की कोशिश करनी चाहिए. अपनी विचारधारा या सोच में बदलाव लाने की कोशिश करें.

# स्टाइल के साथ करें एक्सपेरिमेंट



विंटर की खासियत है कि इस मौसम में आप तरह-तरह के स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं. ऑफिस से लेकर दोस्तों के बीच मौज-मस्ती के दौरान भी आप अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं और अपना एक अलग स्टाइल क्रिएट कर सकती हैं. लेकिन कई महिलाओं की समस्या होती है कि वे महंगे से महंगे ड्रेस में भी स्टाइलिश नहीं दिखतीं. इसकी कुछ खास वजह हो सकती हैं. ऐसे में अगर आप अपना एक स्टाइलिश लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इन नियमों को अपने डेली फैशन में फॉलो करें.



### अधिक टाइट ड्रेसेस से बचें

अगर आप पतली दिखने के लिए कुछ ज्यादा ही टाइट कपड़े पहन रही हैं तो ऐसा करना छोड़ दें. क्योंकि ये आपके लुक को स्लिम दिखाने की बजाय शैडी बना देगा. हमेशा अपने साइज के कपड़े पहनों पर इनवेस्ट करें. ये कंफर्टेबल भी होंगे और आप स्टाइलिश भी दिखेंगी.

### आउटफिट करें बैलेंस

अपने आउटफिट को बैलेंस करना सीखें. जैसे, अगर आप ओवरसाइज जैकेट पहन रही हैं तो इसके साथ ओवरसाइज पैंट पहनने की कोशिश न करें. ये आपके लुक को फैला हुआ बनाएगा. इसलिए ओवरसाइज जैकेज के साथ वेल फिटेट ड्रेस या पैंट पहनें.

### टेक्सचर का रखें ध्यान

अगर आप स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो टेक्सचर की समझ होना जरूरी है. आप साटन, लेदर जैसे टेक्सचर वाले आउटफिट खरीदें और इन्हें अपने फैशन में शामिल करें. ये तुरंत ही आपके लुक को स्टाइलिश बनाएंगे. जैसे, आप साटन के ब्लैक शर्ट के साथ अगर हाई वेस्ट लेदर पैंट को पेयर करें तो ये आपके लुक को काफी अट्रैक्टिव बनाएगा.

### सही कलर मैचिंग जरूरी

अगर आपको नए रंग ट्राई करने में डर लगता है तो आपको बता दें कि आप अपने ड्रेस स्टाइल में रंगों का सही तरीके से इस्तेमाल कर स्टाइलिश दिख सकती हैं. उदाहरण के लिए, आप अपनी ड्रेस में टॉप या पैंट को रंगीन रखें और बाकी चीजों को टोन कलर का रखें. अगर आप कंफर्टेबल हैं तो हमेशा वार्म कलर के साथ कूल कलर टॉप या पैंट को पेयर करें.

### टिकाऊ कपड़ों पर करें इन्वेस्ट

अगर आपको स्टाइलिश दिखना है तो हमेशा वैसे कपड़ों पर इन्वेस्ट करें जो टिकाऊ हों और जिन्हें कई बार रीयूज किया जा सके. ऐसे कपड़ों का रंग खराब नहीं होता और इन्हें कई आउटफिट के साथ मिक्स-मैच किया जा सकता है.

# आपके लैपटॉप का वेबकैम हैक्ड तो नहीं !

**वेबकैम सबसे अहम कंप्यूटर एसेसरीज में शुमार है और इसे कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है. यह निजता पर हमले के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है. यदि कोई हैकर आपके वेबकैम का एक्सेस हासिल कर लेता है तो इससे आपकी जासूसी हो सकती है. क्या आपका वेबकैम हैक्ड है, यह पता लगाने के लिए ये तरीके आजमाए जा सकते हैं-**



### वेबकैम इंडिकेटर देखें

लेंस के पास लाल, हरी या नीली इंडिकेटर लाइट बताती है कि आपका वेबकैम वर्तमान में वीडियो रिकॉर्ड कर रहा है या नहीं. इसका मतलब है कि जब वेबकैम का उपयोग नहीं कर रहे हों तो लाइट बंद होनी चाहिए. यदि आप लाइट को चमकते हुए देखते हैं तो इसका अर्थ है कि कोई आपके वेबकैम तक पहुंच रहा है. कई बार कोई खास एप्लिकेशन खोलने पर भी वेबकैम इंडीकेटर चालू हो सकता है. इसलिए सतर्क रहें.

### अज्ञात एप्स को चेक करें

कई बार वेबकैम किसी ऐसे एप्लिकेशन के हिस्से के रूप में चल रहा हो सकता है, जिसे आप नहीं जानते हैं. यह आमतौर पर तब होता है जब आप कोई वायरस या मैलवेयर डाउनलोड करते हैं और यह आपके वेबकैम को अपने कब्जे में ले लेता है. इसे जांचने के लिए आप वेबकैम ओपन करें. यदि संदेश आए कि यह पहले से इस्तेमाल हो रहा है तो आप समझ लें कि यह किसी एप्लिकेशन से जुड़कर चल रहा है. इसका ध्यान रखें.

### रिकॉर्डिंग फोल्डर खोलें

यदि कोई आपके कैमरे का उपयोग फुटेज रिकॉर्ड के लिए कर रहा है तो आपके सिस्टम में ही ये फाइल्स स्टोर हो रही होंगी. वेबकैम रिकॉर्डिंग फोल्डर खोलें. जिन फाइलों को आपने सेव नहीं किया है, वे हैकर्स से जुड़ी हो सकती हैं. ऐसे में जांच लें कि वेबकैम रिकॉर्डिंग फाइल्स कहां सेव हो रही हैं.

### सुरक्षा सेटिंग्स जांचें

जांचें कि क्या आपके कैमरे की सुरक्षा सेटिंग्स बदली गई हैं? यदि ऐसा है तो सबसे पहले इसे डिफॉल्ट पर सेट करें और उसके बाद कोई मैलवेयर स्केनर चलाएं. इससे आपको उस रिमोट एप्लिकेशन से निजात मिल सकती है, जिसकी मदद से हैकर आपके वेबकैम तक पहुंच बना रहा होगा.

# जब होने वाली हो बेस्ट फ्रेंड की शादी

## बैचलरेट पार्टी को बनाएं ब्राइडल गेम से मजेदार

जिस तरह से शादी होने से पहले दूल्हे की तरफ से अपने दोस्तों के लिए बैचलर्स पार्टी का आयोजन किया जाता है, अब दुल्हन की ओर से भी बैचलरेट पार्टी का ट्रेंड बढ़ गया है. यदि आपकी सबसे अच्छी दोस्त की शादी होने वाली है, और आप उसकी बैचलरेट पार्टी का इंतजार कर रही हैं तो इसके लिए एक अच्छे ब्राइडल गेम की आवश्यकता होती है. इसमें दुल्हन की सभी सहेलियां यानी ब्राइडमेट्स शामिल हो सकती हैं और सभी दुल्हन के बारे में कितनी अच्छी तरह से जानते हैं, उसी पर यह गेम आधारित हो. इसमें हर किसी को मजा आएगा.

### ऐसे हों सवाल

- दुल्हन की पहली जॉब?
- बचपन का सेलिब्रिटी क्रश?
- दुल्हन के पहले पालतू जानवर का नाम?
- दुल्हन की छिपी हुई प्रतिभा क्या है?
- गाड़ी चलाना कब सीखा?





### खेल का तरीका

शुरुआत में आपको इस गेम को खेलने के लिए किसी विशेष उपकरण या प्रॉप की आवश्यकता नहीं है. बस प्रश्नों की सूची पहले से तैयार करनी है और उन्हें एक कागज पर प्रिंट करवाना है. बैचलरेट के दिन, रियल टाइम में प्रश्नों का उत्तर अपनी सहेलियों से लें. असली मजा तब शुरू होता है जब आप दुल्हन के सबसे करीबी लोगों से सवालों के जवाब देने के लिए कहते हैं.

## एक नज़र

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का तंज

# नहीं पनप सकेंगे भ्रष्टाचारी, भाजपा आई तो चलेगा बुलडोजर



**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस की सरकार को 4 साल पूरे होने पर भाजपा मुख्यालय पर पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनियां ने प्रेसवार्ता की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि अगर आगामी चुनाव में प्रदेश में हमारी सरकार आई तो यहां भ्रष्टाचारी नहीं पनप सकेंगे और काले कारनामे करने वालों पर बुलडोजर चलेगा। पूनियां ने कहा कि राजस्थान के इतिहास में 1952 से लेकर अब तक कोई भी सरकार लोक कल्याण का दावा करती है, लेकिन वर्तमान सरकार जैसी नकारा, निकम्मी, भ्रष्ट, अकर्मण्य और अराजक सरकार मैंने नहीं देखी। सरकार के खिलाफ एंटीइन्कमबेंसी नहीं बल्कि जनता का आक्रोश हैं। क्योकि इस सरकार में राजस्थान की जनता किस्सा कुर्सी के खेल में ठगी गई है।

वहीं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर हुए कॉंसर्ट को लेकर भी पूनियां ने हमला बोला और कहा कि लाइव कॉंसर्ट कांग्रेस के भारत जोड़ो का था। उसमें सुनिधि चौहान का गाना चोरी, चोरी किया रे, ने कांग्रेस सरकार की बानगी पेश कर दी। यदि भीड़ जुटाने के लिए किसी फिल्मी कलाकार का सहारा लेना पड़ा, वो भी कांग्रेस सरकार के 4 साल के जश्न पर तो यह स्पष्ट हो जाता है कि सरकार की जमीन खिसक चुकी है।

### चार साल के शासनकाल में विकास कहीं नहीं दिख रहा: राठौड़

**जयपुर।** कांग्रेस सरकार के 4 साल के शासनकाल को लेकर उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने भी सरकार की कमियां गिनाई हैं। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने 4 वर्षीय कार्यकाल को विकास की उपलब्धियां गिना रही है। लेकिन विकास कहीं पर दिख नहीं रहा है। सरकार के खाते में उपलब्धियों के नाम पर लचर कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, कुशासन, महिला दुष्कर्म, किसानों की समस्या, महंगी बिजली, जर्जर सड़कें, बदहाल चिकित्सा व्यवस्था व सांप्रदायिक दंगे जैसे कई मुद्दें हैं। जिससे राजस्थान इन 4 वर्षों में आगे बढ़ने की बजाय विकास के पायदान पर लुढ़का है। कांग्रेस सरकार के पास कार्यकाल के अब महज 12 माह शेष बचे हैं जिसमें भी अंत के 6 माह चुनाव में बीत जाएंगे। इसलिए जो विकास कार्य 4 वर्षों में नहीं हुए वो आगामी 6 माह में होना असंभव है। जनता का विश्वास भी अब उठ चुका है।

## पुलिस के खिलाफ जताया आक्रोश

# बाज़ार में हो रही चोरियों के विरोध में दिया धरना



**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** मालवीय नगर सेक्टर 1 में पिछले एक महीने से लगातार हो रही चोरी घटना के विरोध में व्यापारियों ने निगम मार्केट तिराहे पर धरना दिया।

वहीं, बाजार को बंद कर विरोध दिया। विधायक कालीचरण सराफ के नेतृत्व में व्यापारियों एकत्रित हुए और पुलिस के खिलाफ आक्रोश जताया। सराफ ने बताया कि यहां 1 महीने में कई बार चोरियां हुई है। लगातार दुकानों के ताले तोड़े जा रहे है, लेकिन चोर पुलिस की पकड़ से दूर है।

## सरकार की चार वर्ष की उपलब्धियों पर मुख्यमंत्री गहलोत बोले...

# सफल योजनाओं पर लोग पूछते हैं, कहां से आ रहा है पैसा... पैसा 'जादू' से आ रहा है

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तीसरे कार्यकाल की चौथी वर्षगांठ का जश्न मनाया जा रहा है। सरकार के चार वर्ष में एक से बढ़कर एक योजनाओं की सफलता की रिपोर्ट जनता के सामने रखते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि देश में आर्थिक उतार-चढ़ाव के बाद भी चार वर्ष से एक से एक उम्दा योजनाएं आ रही हैं। लोग पूछ रहे हैं कि पैसा कहां से आ रहा है... मैं कहता हूं जादू से आ रहा है। दरअसल, यह हमारे बेहतर वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। सीएम गहलोत ने कहा कि चार वर्ष की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि चार साल के बाद जनता में सरकार के खिलाफ कोई माहौल नहीं है, यह पहला मौका है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुरानी पेंशन स्कीम को सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हुए कहा कि ओपीएस को लेकर विपक्ष और बड़े-बड़े अर्थशास्त्री विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका विरोध एक अर्थशास्त्री के दृष्टिकोण से हो रहा होगा ... मेरा दृष्टिकोण यह कहता है कि आजादी के बाद से 2004 में नई पेंशन योजना एनपीएस के लागू होने तक भी देश में विकास हुआ। जहां कभी सुई नहीं बनती थी... आज हम कहां पहुंच गए। ओपीएस को मानवीय दृष्टिकोण से बहाल किया गया, जबकि किसी ने इसकी मांग नहीं की थी। राज्य सरकार ओपीएस बहाल करने के अपने फैसले पर कायम रहेगी। जो केंद्र से पैसा आना है उसके लिए हम लड़ाई लड़ते रहेंगे। मुख्यमंत्री गहलोत ने अपने तीसरे कार्यकाल के 4 साल पूरे करने के मौके पर मीडिया से भी मुखातिब हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां बताई और जवाहर कला केंद्र में प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी कांग्रेस के विजन को मीडिया के सामने रखा।

### भाजपा फैला रही है झूठ

किसानों की कर्जमाफी को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा पर किसानों की कर्जमाफी के मुद्दे पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार द्वारा 22 लाख किसानों का 14000 करोड़ रुपए सहकारी बैंकों का ऋण माफ किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग नहीं करने के कारण राष्ट्रीयकृत बैंकों का कर्ज माफ नहीं हो सका। गहलोत ने कहा कि भाजपा प्रदेश में एफआईआर के आंकड़ों की बात करती है, लेकिन उनकी सरकार ने एक नीतिगत फैसले के तहत थानों में प्राथमिकी दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नीति के बावजूद 2021 में 2019 की तुलना में करीब 5% अपराध कम दर्ज हुए हैं, जो सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का नतीजा है।

### जन-जन को राहत... हमारी चाहत

सीएम गहलोत ने कहा कि वे अपने बजट से पहले जन घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करने का प्रयास भी करेंगे। उन्होंने कहा कि जन-जन को राहत पहुंचाना हमारी प्राथमिकता रही है। कोविड के दुष्प्रभावों के बावजूद राजस्थान की अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है। राज्य की जीडीपी का 11.04% की दर से बढ़ना अर्थव्यवस्था का अच्छा प्रतीक है, सरकार की पिछले चार साल की सकारात्मक नीतियों के कारण ही डबल डिजिट में ग्रोथ संभव हो सकी है।



### ERCP पर केंद्रीय मंत्री दे रहे धोखा

**ईआरसीपी** को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बताया कि परियोजना के लिए 9600 करोड़ का प्रावधान कर दिया, ताकि काम रुके नहीं। ईआरसीपी में हमारे यहां के मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत धोखा दे रहे हैं। सवाई माधोपुर में राहुल की फाउंडर मीटिंग में हुई बातचीत के बाद आनन-फानन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जयपुर में प्रेस वार्ता करके एक बार फिर इस प्रोजेक्ट पर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि शेखावत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के बीच शायद किसी निजी विवाद के कारण यह प्रोजेक्ट धरातल पर नहीं उतर रहा है।

## भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे: मीडिया से मुख़ातिब हुए राहुल गांधी बोले...

# मैं घूम रहा, क्योंकि लोगों का डर और नफ़रत मिटे

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के सेंचूरी डे पर 48 मिनट के मीडिया संवाद में दार्शनिक और परिपक्व राजनेता की जैसे नजर आए। राहुल ने बेहद सुलझे तरीके से हर सवाल का जवाब दिया। चीन के मुद्दे पर केन्द्र को घेरा, तो वहीं राजस्थान कांग्रेस सहित अन्य राज्यों में कांग्रेस के आंतरिक विवाद से बचते नजर आए। राहुल ने अपनी सौ दिन की भारत जोड़ो यात्रा पर कहा की यह कोई राजनीतक यात्रा नहीं है। लोग पूछ रहे हैं कि यह व्यक्ति क्यों घूम रहा है। यह व्यक्ति इसलिए घूम रहा है कि डर और नफरत मिटाना चाहता है। इस देश में बीजेपी ने आमजन में डर का माहौल बना रखा है उसे दूर करने के लिए घूम रहा है। राहुल ने कहा कि यह पहला व्यक्ति नहीं है, जो घूम रहा है। यह मेरी नहीं लोगों की यात्रा है। नफरत के खिलाफ पहले भी लोगों ने यात्राएं की हैं। तमिलनाडु से शुरू हुई राहुल गांधी की गैर राजनितिक भारत जोड़ो यात्रा के शुक्रवार को 100 दिन पूरे हो गए। 100 दिन में यात्रा आठ राज्यों 42 जिलों और 2800 किलोमीटर की दूरी तय कर राजस्थान के दौसा तक पहुंची है।



### यात्रा से मुझे पर्सनली फायदा

राहुल ने राजनेताओं की जनता से दूरी की बात पर कहा कि आजादी से और सत्तर के दशक तक राजनेता जनता के बीच रहते थे, लेकिन बाद नेताओं में अहंकार पैदा होने पर जनता से दूरी बना ली। शायद मैं भी इसका हिस्सा बना। मैंने सोचा कि जनता-नेता की दूरी को खत्म करना है। यात्रा का लक्ष्य था कि जनता के दर्द को समझा जाए। यात्रा से मुझे पर्सनली बहुत फायदा हुआ, बहुत सीखने को मिला है। मेरी भी जनता से थोड़ी दूरी थी, वह खत्म हो गई।

### राजस्थान में कौन?

राजस्थान में आगामी चुनावों में चेहरा को होगा इसको टालते हुए राहुल ने आगामी चुनावों में जीत को लेकर कहा कि हमारा आम कार्यकर्ता है, जो सड़क पर लड़ता है, उसे हमें जगह देनी है, उसकी बात सुननी है। यह स्ट्रेटजी है। चाहे राजस्थान हो या अन्य स्टेट लोअर लेवल के लीडर्स का अच्छी तरह प्रयोग किया तो चुनाव जीत जाएंगे।

## सफलता के चार वर्ष पूर्ण होने पर विकास प्रदर्शनी का आयोजन

# 'जनसेवा, सबका सम्मान, आगे बढ़ता राजस्थान' का शुभारंभ



**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तीसरे कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने पर उपलब्धियों को लेकर सरकार आमजन तक लेकर जा रही है। चार वर्ष के विकास कार्यों की जानकारी को लेकर जयपुर के जवाहर कला केंद्र में राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी लगाई गई है। शनिवार को प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि चार वर्षों में कोई कमी नहीं रखी। सरकार ने संवेदनशील, पारदर्शी व जवाबदेह प्रशासन देने के लक्ष्य से काम किया है। चुनावी घोषणा पत्र को सरकारी दस्तावेज बनाकर वादों को पूरा किया और जनता की भावनाओं के अनुरूप जन घोषणा पत्र बनाया, जिसको आधार बनाकर नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए 'सेवा ही कर्म, सेवा ही धर्म' का संदेश देती विकास प्रदर्शनी में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में करवाए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं के फोटो, स्कैच, मॉडल्स एवं प्रकाशन सहित अन्य सामग्री को देखा। इस दौरान सीएम ने कृषि विभाग की स्टॉल पर ऋण माफी के लाभार्थी किसानों से संवाद किया। इस मौके पर चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा, आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत, अल्पसंख्यक मामलात मंत्री सालेह मोहम्मद, सूचना एवं जनसंपर्क राज्य मंत्री अशोक चांदना, तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री के सलाहकार संयम लोढ़ा व आला अधिकारी मौजूद रहे।

### लोक कलाकारों ने समां बांधा

प्रदर्शनी में सूचना और जनसम्पर्क विभाग की स्टॉल पर आओ खेलें खेल, सब मिल हो जाएं एक' पज़ल गेम बच्चों और युवाओं में खासा लोकप्रिय रहा। प्रदर्शनी में चिकित्सा विभाग की स्टॉल में प्रदर्शित एसएमएस अस्पताल के प्रस्तावित आईपीडी टावर का मॉडल, आवासन मंडल की स्टॉल पर प्रदर्शित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब का मॉडल, चिरंजीवी सेल्फी, परिवहन विभाग का ड्राइविंग सिम्युलेटर, सौर ऊर्जा से संचालित सीवरेज क्लीनिंग रोबोट भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### स्टाल का किया निरीक्षण

प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सुजस ऐप, सुजस बुलेटिन, सुजस ई-बुलेटिन एवं सुजस पॉडकास्ट 'आवाज' का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी स्थल पर बने सुजस स्टूडियो से प्रदेशवासियों के नाम सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर वीडियो संदेश भी रिकॉर्ड किया। उन्होंने परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की स्टॉल पर दुर्घटनाग्रस्त पीड़ितों की जान बचाने के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण का लाइव डेमो देखा। उन्होंने प्रदर्शनी में मोबाईल स्टूडियो में 7-डी सिनेमा का भी अवलोकन किया।

## निजी विद्यालयों ने नहीं माने आदेश, अब सख़्ती

# दस बजे से पहले छोटे बच्चों के स्कूल खुले तो कलेक्टर करेंगे कार्यवाही

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** 10 बजे पहले नौनिहालों को अगर स्कूल में बुलाया तो ऐसे विद्यालयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बढ़ती सर्दी को देखते हुए जिला प्रशासन जयपुर की ओर से आदेश जारी होने के बाद भी कई विद्यालयों ने छोटे बच्चों को अलसुबह ही सर्दी में स्कूल बुला लिया। इसकी शिकायत जिला कलक्टर के पास पहुंचते ही वह एक्शन के मोड में आ गए हैं।

जिला कलक्टर जयपुर प्रकाश राजपुरोहित ने शुक्रवार को फिर आदेश जारी किया है जिसमें सभी विद्यालयों को कहा है कि सर्दी के मौसम में हो रहे बदलाव को देखते हुए सभी राजकीय और निजी विद्यालयों में प्राथमिक स्तर तक के विद्यार्थियों को सुबह 10 बजे से पहले नहीं बुलाया जाए। अगर कोई भी स्कूल इन निर्देशों की अवहेलना करता है तो उन विद्यालयों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### यहां न्यूनतम तापमान शून्य

प्रदेश में अब सर्दी अब जमाव बिंदू की ओर पहुंच रही हैं। शुक्रवार को हिल स्टेशन माउंट आबू के बाद मैदानी एरिया फतेहपुर में पहली बार न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री पर पहुंच गया। जयपुर, अलवर, बाड़मेर समेत 12 शहरों में शुक्रवार को सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। चूरू में बीती रात का न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत भी मिली। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार राजस्थान में अभी मौसम बिल्कुल शुष्क है, इस कारण सुबह-शाम तापमान कम रहता है, जबकि दिन में तेजी से बढ़ता है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि सर्द हवाओं का असर आने वाले एक-दो दिन और बना रहेगा, जिससे कुछ अन्य शहरों के तापमान में भी मामूली गिरावट देखने को मिल सकती है।

हिलव्यू समाचार

प्रदेश

जयपुर
बुधवार, 21 दिसम्बर 2022



मेव समाज ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के साथ की वार्ता, विभिन्न मांगों पर बनी सहमति

# अलवर: राहुल की भारत जोड़ो यात्रा से पूर्व कब्रिस्तान बहाली का मामला सुलझा

**हिलव्यू समाचार**
**अलवर**। शहर में कब्रिस्तान बहाली की मांग को लेकर मेव समाज की मांगों पर सहमति बन गई है। मेव समाज द्वारा पिछले दो महीने से यह मामला उठाया जा रहा था। जिसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मामले में को लेकर मेव समाज के लोगों के साथ सर्किट हाउस बैठक की। दरअसल, 19 और 20 दिसंबर को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अलवर आ रही है। उससे पहले ही पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस मामले में सुलझाया। शनिवार को उन्होंने सर्किट हाउस में एक बैठक बुलाकर मेव समाज से वार्ता की। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि कुछ कम्युनिकेशन गैप के चलते यह मामला इतना बढ़ गया, लेकिन अब कोई विवाद नहीं है। वार्ता के बाद सारा विवाद समाप्त हो चुका है। सभी लोग मिलकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करेंगे। वहीं पूर्व मंत्री नसरू खान ने बताया कि मेव समाज द्वारा काफी समय से कब्रिस्तान बहाली की मांग को लेकर लड़ाई लड़ी जा रही थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के साथ वार्ता हुई है और मंत्री ने आश्वासन दिया है। कब्रिस्तान मामले को सुलझा लिया गया है। सर्किट हाउस में हुई इस बैठक में मेव समाज के पदाधिकारी पूर्व मंत्री नसरू खान, गफूर खान, सिफात खान और मौलाना हनीफ खान सहित समाज के लोग शामिल हुए।



## बस व पिकअप की भिड़ंत में दो की मौत, आठ जने घायल



**हिलव्यू समाचार**
**दौसा**। जिले के सैंथल थाना क्षेत्र में खुरी गांव के पास शुर्कवार को बस व पिकअप में भिड़ंत हो गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई व 8 जने गंभीर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बस भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए आई थी। हादसे में पिकअप सवार दो लोगों की मौत हुई है। वहीं बस में सवार 8 कांग्रेस नेता घायल हुए हैं। सभी घायलों को दौसा जिला अस्पताल लाया गया है।

सदर थाने के एचएम भूपसिंह ने बताया कि यूपी नंबर बस में दिल्ली से हिमाचल कांग्रेस का एक दल राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए दौसा आया था। बस में हिमाचल के लाहौल स्पीति से विधायक रवि ठाकुर भी साथ आए थे। इसी बीच सैंथल थाना क्षेत्र में खुरी गांव के पास बस पिकअप से टकरा गई। हादसे में पिकअप सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं पिकअप सवार एक व्यक्ति की हालत नाजुक बनी हुई है।

मृतकों की पहचान हनुमान और वसीम के रूप में हुई। मृतक हनुमान पुत्र लालाराम निवासी रूपपुरा, जिला दौसा और वसीम अकरम पुत्र कजोड़ निवासी थाना मलारना, जिला सवाईमाधोपुर के निवासी थे। वहीं हिमाचल के डेलिगेशन के चालक सहित करीब एक दर्जन लोगों को हादसे में चोटें आई हैं। हादसे में सभी घायलों को दौसा जिला अस्पताल लाया गया है। वहीं बस के ड्राइवर रतन लाल और पिकअप सवार राजेश की गंभीर हालत देखते हुए जयपुर रेफर किया गया है। लाहौल स्पीति विधायक रवि ठाकुर ने अस्पताल जाकर सभी घायलों की कुशलक्षेम पूछी। वहीं मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट की।

### दो बाइक भिड़ी, तीन लोगों की मौत

**डूंगरपुर**। जिले के धंबोला थाना क्षेत्र में रात दो बाइकों की भिड़ंत में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में दो बच्चों सहित चार अन्य लोग घायल हो गए। घडा गोकल गांव में पंचायत भवन के सामने दो बाइकों की भिड़ंत में प्रवीण उर्फ पिंटू (22), रेखा डामोर (22) और गोवर्धन मीणा की मौत हो गई। वहीं मृतक गोवर्धन की दो मासूम पुत्रियां इश्क (2) और चारू (3) सहित चार लोग घायल हो गए।

प्रदेशभर में आदर्श को ऑपरेटिव बैंक के एटीएम निशाने पर

# बदमाशों ने 15 एटीएम से निकाले 35 लाख रुपए

- रकम निकलती रही और अधिकारियों को भनक तक नहीं लगी
- अजमेर के एटीएम से भी साढ़े छह लाख रुपए उड़ाए

**हिलव्यू समाचार**
**अजमेर**। एटीएम से छेड़छाड़ कर लाखों रुपए की रकम निकालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बदमाशों ने अजमेर सहित प्रदेशभर में आदर्श कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के एटीएम को निशाना बनाया। एटीएम से रकम निकलती रही और अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी, जब बैलेंस चेक किया गया, तब मामले का खुलासा हुआ। बदमाशों ने आदर्श कोऑपरेटिव बैंक के प्रदेशभर के 15 एटीएम को निशाना बनाकर लाखों रुपए निकाले लिए। अजमेर में भी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित आदर्श कोऑपरेटिव बैंक के एटीएम से तीन दिन में 6 लाख 66 हजार रुपए निकाले। आदर्श कोऑपरेअवि बैंक लिमिटेड अजमेर के शाखा प्रबंध ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि मामले में जालौर पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।




### तकनीकी खराबी कर निकाले रुपए

अजमेर के कचहरी रोड स्थित आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक मैनेजर अरुण जैन ने बताया कि 11 से लेकर 13 नवंबर तक 6 से 7 बदमाशों द्वारा कचहरी रोड स्थित एटीएम से तीन दिन में 6 लाख 66 हजार रुपए निकाल लिए। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब उनकी और अन्य शाखाओं के काम पूरे होने पर शाखाओं के एटीएम का नगद मिलान किया तो उन्हें एटीएम की बैलेंस शीट में डिफरेंस आया और फिजिकल बैलेंस जीरो मिला। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज देखी गई तो पता चला अलग-अलग बदमाशों ने रात 8 बजे बाद ट्रांजेक्शन कर पूरा एटीएम ही खाली कर दिया।

### कई शहरों में वारदात

बैंक मैनेजर जैन ने बताया कि पाली, माउंट आबू और जालोर सहित अन्य शहरों की ब्रांच में भी ऐसी वारदात घटित हो चुकी है। बदमाशों ने प्रदेश भर के 15 बैंक एटीएम बूथ को निशाना बनाते हुए। 35 लाख 66 हजार 500 रुपए निकाल लिए है। ये सभी घटना नवंबर के पहले सप्ताह के आस पास होना बताई, जबकि अजमेर की घटना के बाद 15 नवंबर को एटीएम मशीन को बंद कर दिया गया। जैन ने बताया कि आदर्श को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का प्रधान कार्यालय सिरोही में स्थित है, जिसकी अपने कार्य क्षेत्र में शाखाएं एटीएम केंद्र अलग अलग शहरों में भी स्थित है। बैंक की कुल 46 ब्रांच है।

### एक माह बाद मामला दर्ज

कोतवाली थाना अधिकारी सुधीर शर्मा ने बताया कि बैंक मैनेजर अरुण जैन द्वारा गत माह 15 नवंबर को थाने में परिवाद तो दिया गया था, लेकिन किसी तरह की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गइ। बैंक अधिकारियों से जब सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य सबूत मांगे तो उन्होंने नहीं दिए, जिसके बाद घटना के एक माह बाद बैंक मैनेजर जैन ने शुक्रवार देर शाम को सबूत और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराए हैं।



## ओपीएस लागू करने पर सीएम गहलोत का जताया आभार

**जयपुर**। शासन सचिवालय अधिकारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने दौसा के मीना हाईकोर्ट मे सीएम अशोक गहलोत से मुलाकात की। इस दौरान भारत जोड़ो यात्रा का समर्थन भी किया और कर्मचारियों के लिए ओपीएस स्कीम लागू करने के लिए प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के सामने मुख्यमंत्री गहलोत का आभार व्यक्त किया। वहीं सचिवालय कर्मचारियों की लंबित मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा हुई। इस दौरान अध्यक्ष शिवशंकर अग्रवाल मुकेश गौड़, अभिमन्यु शर्मा, बुद्धि प्रकाश, राकेश शर्मा व अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

एक नज़र

## धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी का किया स्वागत



**हिलव्यू समाचार**
**अलवर**। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 19 दिसम्बर को मालाखेड़ा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय रैली एवं जनसभा स्थल का कांग्रेसी नेताओं ने जायजा लिया एवं पूरे जिले में पीले चावल बांटकर आमजन को रैली में शामिल होने के लिए न्योता दिया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, शिक्षा मंत्री बी. डी. कल्ला, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीका राम जूली, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा का सर्किट हाउस में सूत की माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इसके बाद धर्मेंद्र राठौड़ ने थानागाजी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टहला में नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का उद्घाटन एवं राजकीय महाविद्यालय के भवन के शिलान्यास समारोह में शिरकत की।

आरटीडीसी अध्यक्ष एक्शन मोड में

## पर्यटन स्थल बनेगा तारागढ़ : राठौड़



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने गुरुवार को अजमेर प्रवास के दौरान रेलवे एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ तारागढ़ का दौरा किया। राठौड़ ने बताया कि तारागढ़ में रेलवे की लगभग दस हजार मीटर जमीन है। जिसको लीज पर लेकर देश एवं विदेश से आने वाले जायरीनों की सुविधा के लिए गेस्ट हाउस एवं कैफेटेरिया विकसित किया जाएगा। तारागढ़ पर रोप-वे का निर्माण प्रस्ताव भी अंतिम चरण में है। इसके साथ ही राठौड़ ने तारागढ़ मीरा दातार साहब की दरगाह की जियारत की एवं अकीदत के फूल पेश किए। इस दौरान राठौड़ के साथ रेलवे के मंडल प्रबंधक राजीव धनकड़, उप मंडल प्रबंधक संजीव कुमार, कमर्शियल मैनेजर विवेक रावत, मुख्य अभियंता अशोक धाकड़, पर्यटन विभाग के प्रबंध निदेशक वीपी सिंह, कार्यकारी निदेशक अशोक योगी, विशेषाधिकारी मनीष फौजदार, सुनील सियाग, गौरीशंकर सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। राठौड़ ने मंडल रेल प्रबंधक के कार्यालय में जिला कलक्टर अंशदीप, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट रेलवे एवं पर्यटन विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की।

दादूपंथी साहित्य शोध संस्थान द्वारा हिंदी अनुशीलन पत्रिका के दादूदयाल विशेषांक का लोकार्पण

# दादू रत्न अलंकरण सम्मान से सम्मानित हुए राज्यपाल कलराज मिश्र

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। दादू समय से आगे का विचार रखने वाले संत थे। देहदान की जिस परम्परा की बात आज होती है, दादू ने तो सदियों पहले अपनी वाणी में जीवित ही नहीं मरने के बाद भी मृत देह की सार्थकता की बात कही।

दादू ने कहा है कि हरि भजन साफल जीवणा, पर उपकार समाय। दादू मरणा तहां भला, जहां पशु पक्षी खाय। राज्यपाल कलराज मिश्र शनिवार को दादू पंथी साहित्य शोध संस्थान द्वारा कोटड़ा, दौलतपुरा में आयोजित हिन्दी अनुशीलन पत्रिका के दादू दयाल विशेषांक के लोकार्पण समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर दादूपंथी साहित्य शोध संस्थान, जयपुर की ओर से दादू रत्न अलंकरण सम्मान भी प्रदान किया गया। मिश्र ने संत दादू दयाल जी की शिक्षाओं को अपनाते हुए सभी से सामाजिक बुराइयों और बाहरी आडम्बरों से मुक्त समाज बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि दादू ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की सोच से परे सदा सामाजिक समरसता की बात अपनी वाणियों में की। कार्यक्रम में दादूपंथी साहित्य शोध संस्थान के अध्यक्ष स्वामी रामसुखदास के साथ देशभर से आए साधु-सन्यासी तथा विद्वतजन उपस्थित रहे।



### दादूदयाल ने दिया प्रेम का संदेश

मिश्र ने कहा कि दादूदयाल मानवीय संवेदना के विरल संत थे, उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से मानवता को प्रेम का संदेश दिया। वे समाज में समानता के साथ बदलाव के पक्षधर थे और जड़त्व को तोड़ने एवं रूढ़ियों को दूर करने में विश्वास रखते थे। उन्होंने कहा कि दादूदयाल ने जात-पात और पंथ से जुड़ी सीमाओं को दूर करते हुए हरेक व्यक्ति में मनुष्यत्व की तलाश को सदा महत्व दिया। उनका मानना था कि वर्गभेद, जात-पात के बंधन से दूर जो मनुष्य प्राणी मात्र के कल्याण के लिए कार्य करता है, वही सच्चा ईश्वर भक्त है।

### दादू की वाणियां आज भी प्रासंगिक: कैलाश सोडानी

वर्धमान महावीर खुला विवि कोटा के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी ने कहा कि संत दादू दयाल की वाणियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी आज से सदियों पूर्व थीं। हंसराज महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रमा ने कहा कि व्यक्ति को सार्थक जीवन जीने के लिए ईश्वर में आस्था रखते हुए अपने जीवन और समाज के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। आरयू के कला संकाय अध्यक्ष प्रो. नन्द किशोर पाण्डे ने कहा कि भारतीय संत परम्परा ने देश के लोक जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का चुनावी कार्यक्रम शुरू, 24 को सजेगा ताज




**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनावों की चुनावी बिसात बिछ गई है। आरसीए के चुनाव फिर से नए सिरे से कराए जा रहे हैं। आरसीए के चुनावों के शह और मात के खेल के लिए वैभव और नंदू गुट अपने अपने वोटर्स को कब्जे में लेने की तैयारी में जुट गए हैं। इसको लेकर बाड़ेबंदी की चर्चा तेज हो गई है। 24 दिसंबर को होने वाले चुनावों के लिए चुनाव अधिकारी सुनील अरोड़ा और सहायक चुनाव अधिकारी टीआर मीणा फाइनल मतदाता सूची तैयार कारण में लगे हैं। इसके लिए अस्थाई मतदाता सूची पर आपत्तियां लेकर उन पर सुनवाई कर रहे हैं। अस्थाई मतदाता सूची पर जिला संघों के 16 ऑब्जेक्शन फाइल किए गए थे। शनिवार को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक विभिन्न जिला क्रिकेट संघों से प्राप्त आपत्तियों एवं उनके जवाबों की सुनवाई की गई। पहले दिन अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारा, दौसा, डूंगरपुर एवं हनुमानगढ़ की सुनवाई की गई। चुनाव अधिकारी सुनील अरोड़ा वर्चुअल जुड़े। चुनाव अधिकारी टीआर मीणा का कहना है निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराए जा रहे हैं।

### वैभव के खिलाफ दावेदारी की तैयारी

आरसीए चुनाव में इस बार भी वैभव गहलोत अध्यक्ष पद के लिए दावेदार हैं। वैभव के खिलाफ दूसरे ग्रुप से भी नामांकन दाखिल किए जाने की तैयारियां की जा रही हैं। पिछली बार नांदू गुट की ओर से पूर्व खेल मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह को वैभव के खिलाफ उतारा गया था। माना जा रहा है कि इस बार भी धनंजय सिंह नामांकन भरेंगे। आरसीए के चुनाव में पूर्व में भी दिल्ली रोड स्थित एक होटल में जिला संघ सचिव यानी मतदाताओं की बाड़ेबंदी की गई थी। पिछले बार के चुनाव को देखते हुए इस बार भी 1 या 2 दिन में बाड़ेबंदी की चर्चा है।

राज्य सरकार नए साल में बेरोजगारों को देगी सौगात

# समान पात्रता परीक्षा की तिथि घोषित, रीट का नोटिफिकेशन जारी

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। प्रदेश के बेरोजगारों को सरकार नए वर्ष पर सौगात देने जा रही है। शुक्रवार को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने स्नातक स्तर की समान पात्रता परीक्षा के लिए परीक्षा तिथि घोषित की, वहीं रीट मुख्य परीक्षा भर्ती के लिए 48000 पदों पर विस्तृत नोटिफिकेशन जारी किया गया। आरपीएससी द्वारा वरिष्ठ अध्यापक ग्रुप-ए के प्रवेश-पत्र 17 एवं ग्रुप-बी के 18 दिसंबर को अपलोड किए जाएंगे। रीट परीक्षा में सफल 8 लाख अभ्यर्थीयों की मुख्य परीक्षा 25, 26, 27 और 28 फरवरी को आयोजित होगी।



### लेवल 1 में 21, टू में 27 हजार पद

बोर्ड ने शुक्रवार को रीट मुख्य परीक्षा भर्ती के लिए 48000 पदों पर विस्तृत नोटिफिकेशन जारी किया। रीट परीक्षा लेवल 1 के 21000 पद व लेवल 2 के 27000 पदों पर आयोजित होगी। इसमें अनुसूचित क्षेत्र के तहत कुल 6018 हजार पद, गैर अनुसूचित क्षेत्र के लिए 41482 पद हैं। लेवल 1 टीचर के लिए टीएसपी एरिया के कुल 1808 पद व नॉन टीएसपी एरिया के 19192 पद एवं 1867 विशेष शिक्षक पद शामिल हैं। लेवल 2 के लिए टीएसपी एरिया के 4210 पद व नॉन टीएसपी एरिया के 22790 पद और विशेष शिक्षकों के 2633 पद शामिल हैं। लेवल 1 व लेवल 2 अध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए 01 जनवरी 2023 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### प्रदेश में पहली बार आयोजित होगी सीईटी

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से सीईटी स्नातक स्तर की परीक्षा 7 और 8 जनवरी 2023 को आयोजित करवाई जाएगी। परीक्षा दो स्तर स्नातक और उच्च माध्यमिक पर आयोजित होगी। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आवेदन प्रक्रिया 12 अक्टूबर से 11 नवंबर तक चली थी। इस परीक्षा में महिला पर्यवेक्षक, पटवारी, जिलेदार, प्लाटून कमांडर, तहसील राजस्व लेखाकार कनिष्ठ लेखाकार, उप जेलर, पर्यवेक्षक, छात्रावास अधीक्षक ग्रेड सेकंड के पद शामिल है।

# मलमास शुरू: 14 जनवरी तक रोक



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। सभी मांगलिक कार्यों पर करीब महीने भर के लिए शुक्रवार से रोक लग गई। मलमास 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान विवाह, सगाई, यज्ञ, गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य नहीं होंगे।

ज्योतिषाचार्यों की मानें तो इस महीने में सूर्य की गति धीमी हो जाती है, किसी भी कार्य की शुभ फल की प्राप्ति के लिए सूर्य और बृहस्पति का ब्रह्मांड में अच्छी स्थिति में होना जरूरी है। यही कारण है कि मलमास में कोई भी शुभ नहीं किया जाता। मलमास के दौरान जिनकी कुंडली में सूर्य कमजोर स्थिति में हो उन्हें सूर्य उपासना अवश्य करनी चाहिए। मकर संक्रांति का पर्व इस बार 14 और 15 जनवरी दो दिन मनाया जाएगा। 14 जनवरी रात 8:46 पर सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेगा। 15 जनवरी को पुण्य काल रहेगा, जो सुबह 7:21 से शुरू होकर शाम 5:51 तक रहेगा।


मलमास में ये कार्य रहते हैं वर्जितइस दौरान सूर्य गुरु की राशियों में रहता है, जिसके कारण गुरु का प्रभाव कम हो जाता है। जबकि शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए गुरु का प्रबल होना बहुत जरुरी होता है, क्योंकि गुरु जीवन के वैवाहिक सुख और संतान देने वाला होता है। इस महीने में सभी तरह के शुभ कार्य जैसे-शादी, सगाई, गृह प्रवेश, नए गृह का निर्माण आदि वर्जित माने जाते हैं।

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव

# महेन्द्र अध्यक्ष और बलराम महासचिव

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के परिणाम शनिवार शाम को जारी हुए, जिसमें महेन्द्र शांडिल्य अध्यक्ष और बलराम वशिष्ठ महासचिव चुने गए। चुनाव संचालन समिति के चुनाव अधिकारी दिनेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर महेन्द्र शांडिल्य चुने गए। दूसरे नंबर पर प्रहलाद शर्मा रहे। शांडिल्य दूसरी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने हैं। महासचिव पद पर बलराम वशिष्ठ और उपाध्यक्ष के दो पदों पर नरेन्द्र कुमार तिवाड़ी व श्रवण सैनी चुने गए। संयुक्त सचिव पद पर देवांग चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष के पद पर हितेश मिश्रा, लाइब्रेरी सचिव पद पर प्रमिला शर्मा, संयुक्त लाइब्रेरी सचिव पद पर नरेन्द्र शर्मा व सामाजिक सचिव के पद पर शिल्पा शर्मा निर्वाचित हुए।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



4 वर्ष
जनसेवा, सबका सम्मान
आगे बढ़ता राजस्थान
सेवा ही कर्म, सेवा ही धर्म

"राज्य की संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सरकार के सफल 4 वर्ष पूर्ण होने पर, मैं सभी को हार्दिक बधाई देते हुए प्रदेशवासियों की खुशहाली, सुख-समृद्धि, स्वस्थ जीवन और चहुंमुखी विकास की कामना करता हूं। आइए, हम सब मिलकर राजस्थान के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं संकल्पबद्धता से अपने कदम बढ़ाएं और मन, वचन व कर्म से इसमें सहभागी बनकर अपनी भूमिका निभाएं।"

अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

मॉडल स्टेट राजस्थान

मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना
₹10 लाख का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा एवं ₹5 लाख का दुर्घटना बीमा। अब तक 27.60 लाख मरीजों को ₹3195 करोड़ का निःशुल्क इलाज।

ओल्ड पेंशन स्कीम
1 जनवरी 2004 से नियुक्त हुए सभी सरकारी कर्मचारियों को पूर्व पेंशन योजना (ओपीएस) लागू।

सरकारी नौकरी
1.36 लाख सरकारी नौकरी दी गई। 1.21 लाख सरकारी भर्तियां प्रक्रियाधीन। 1 लाख अतिरिक्त पदों पर भर्ती प्रस्तावित।

इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना
शहरों में 100 दिन के रोजगार की गारंटी। अब तक 3 लाख 50 हजार जॉब कार्ड जारी।

राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल
दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन। लगभग 30 लाख लोगों ने लिया भाग। शहरी ओलम्पिक खेल 26 जनवरी, 2023 से। ये खेल प्रतिवर्ष आयोजित होंगे।

पालनहार योजना
अनाथ एवं अन्य पात्रतानुसार बच्चों को प्रतिमाह ₹500 से ₹2500 की आर्थिक सहायता। अब तक 6 लाख 64 हजार बच्चे लाभान्वित।

राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस
प्रतिवर्ष 200 बच्चों की विदेश में पढ़ाई का खर्च सरकार द्वारा वहन।

महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल
राज्य में 1670 अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा।

बालिकाओं को स्कूटी वितरण
स्कूल व कॉलेज जाने वाली 20,000 बालिकाओं को प्रतिवर्ष स्कूटी का वितरण।

मुख्यमंत्री निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना
राजकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के दो सैट निःशुल्क।

मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना
राजकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को हर मंगलवार व शुक्रवार को दूध वितरण।

टेक्नोलॉजी से विकास
यूनीक आईटी इंस्टीट्यूट-राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट, जोधपुर।
मेडि-टेक, क्लाइमेट टेक एवं एग्रीटेक आदि की उन्नत तकनीकों पर रिसर्च के लिए-राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड लर्निंग, जयपुर।
स्टार्टअप्स के लिए प्लग एंड प्ले फेसिलिटी-जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में राजीव गांधी नॉलेज इनोवेशन हब।
फिनिशिंग स्कूल-R-CAT.

सामाजिक सुरक्षा पेंशन
वृद्धजन, विशेष योग्यजन, विधवा, एकल नारी सहित लगभग एक करोड़ लोगों को दी जा रही है पेंशन।

सस्ती घरेलू बिजली
38.18 लाख परिवारों का बिजली बिल शून्य।

किसानों को सस्ती बिजली
कृषि बिजली दर में कोई वृद्धि नहीं, इसके लिए ₹16 हजार करोड़ का वार्षिक अनुदान।

मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना
किसानों को कृषि बिजली कनेक्शनों पर ₹1000 प्रतिमाह का अतिरिक्त अनुदान। 8 लाख किसानों का बिजली बिल शून्य।

उड़ान योजना
बालिकाओं व महिलाओं को प्रतिमाह 12 सैनिटरी नैपकिन निःशुल्क। लगभग 1.45 करोड़ किशोरियां एवं महिलाएं लाभान्वित।

इंदिरा रसोई
₹8 में पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन। प्रदेश में 951 इंदिरा रसोई संचालित। राज्य सरकार द्वारा प्रति थाली ₹17 का अनुदान।

मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना
दूध उत्पादकों को प्रति लीटर ₹5 का अनुदान। अब तक कुल ₹718 करोड़ का अनुदान।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान
राजस्थान संवाद

## बहन को करानी पड़ी थी 52 सर्जरी दिल्ली एसिड अटैक ने याद दिलाया वह दर्द

# कंगना डरकर ढक लेती थीं चेहरा



देश की राजधानी दिल्ली एक बार फिर शर्मसार है. दिल्ली में 17 साल की 12वीं की छात्रा पर बाइक सवार दो युवकों ने एसिड फेंक दिया. पुलिस के मुताबिक, ऐसा लड़की को सबक सिखाने के लिए किया गया. इस घटना ने लड़कियों की सुरक्षा पर सवालिया निशान लगाया तो दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'छपाक' की याद आ गई. वहीं कंगना रनौत के दर्द को ताजा कर दिया है. कंगना की बहन रंगोली चंदेल एसिड अटैक का दर्द झेल चुकी हैं. कंगना खुद बहुत दिनों तक इस ट्रामा से बाहर नहीं निकल पाई थीं. कंगना ने सोशल मीडिया पर अपने दर्द को बयां करते हुए सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की है. दिल्ली एसिड अटैक की घटना को लेकर कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम पर लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर कर बताया है, 'जब मेरी बहन रंगोली चंदेल पर सड़कछाप रोमियो ने एसिड अटैक किया था, तब मैं एक टीनएजर थी. इसके बाद उसे 52 सर्जरी करानी पड़ीं. उसे जिस शारीरिक और मानसिक चोट से गुजरना पड़ा, उसकी कल्पना भी कोई नहीं कर सकता. हमारी पूरी फैमिली बर्बाद हो गई थी. मुझे भी थेरेपी लेनी पड़ी थी, क्योंकि मुझमें डर बैठ गया था कि मेरे पास से गुजरने वाला कोई भी इंसान मुझ पर एसिड फेंक सकता है. जब भी कोई बाइक, कार या अजनबी मेरे पास से गुजरता था तो मैं अपना चेहरा ढक लेती थी.'

### सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग

कंगना रनौत ने आगे लिखा, 'ये अत्याचार अभी भी रुका नहीं है. सरकार को इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है. मैं गौतम गंभीर से सहमत हूं कि हमें एसिड हमलावरों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की जरूरत है.'

गौतम गंभीर ने सार्वजनिक फांसी की मांग की है. पूर्व क्रिकेटर और पूर्वी दिल्ली से बीजेपी सांसद गौतम गंभीर ने एसिड अटैक की घटना पर बयान दिया है. गंभीर ने कहा है- 'ऐसे लोगों को सार्वजनिक तौर पर फांसी दी जानी चाहिए, डर पैदा होना चाहिए, शब्द कोई न्याय नहीं कर सकते.'

---

हिंदी सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी की कोलकाता यात्रा हमेशा उनके लिए खास होती है क्योंकि ये उनके बचपन की यादें ताजा कर देती है.

# बचपन की यादों में खो जाती हैं रानी

### कोलकाता से ख़ास लगाव

28वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन करने पहुंचीं. रानी पिछले कई वर्षों से यहां मुख्य अतिथि के तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही हैं. इस बार रानी के करिअर को लेकर एक खास तरह का जश्न मनाया जा रहा है. उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं. इस दौरान कुछ पलों को याद करते हुए रानी ने कहा, 'कोलकाता आना मेरे लिए हमेशा ही बहुत खूबसूरत एहसास होता है. मेरे लिए कोलकत्ता मेरे बचपन और सिनेमा से जुड़ा हुआ है.' इसके साथ ही रानी मुखर्जी ने आगे कहा, 'कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने सत्यजीत रे, ऋत्विक घटक, मृणाल सेन और कई बंगाली कलाकारों और फिल्म निमार्ताओं की विरासत का जश्न मनाया है. इन सभी ने सिनेमा की दुनिया में अपना बहुत ही शानदार योगदान दिया है. इस बार मेरे करिअर का जश्न मनाया जा रहा है जो कि मेरे लिए काफी गर्व की बात है और इसके लिए मुझे बहुत खुशी हो रही है.'



फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 25 साल

---

# कियारा के साथ रोमांस करेंगे मोहित



कियारा आडवाणी जल्द ही डायरेक्टर विजय लालवानी की अपकमिंग फिल्म में नजर आएंगी. यह एक हाइस्ट थ्रिलर फिल्म है, जिसका टाइटल लंबा है.

कियारा के अपोजिट फिल्म में टीवी सीरियल 'देवों के देव महादेव' फेम मोहित रैना को कास्ट किया गया है. इस थ्रिलर ड्रामा में मोहित और कियारा को फाइनल कर लिया गया है. इस थ्रिलर ड्रामा की कहानी कियारा के कैरेक्टर के इर्द-गिर्द होगी, लेकिन मोहित भी फिल्म में स्ट्रांग कैरेक्टर निभाते नजर आएंगे. फिल्म की शूटिंग अगले साल अप्रैल से शुरू होगी. सोर्सेस की मानें तो मेकर्स इस फिल्म को डायरेक्ट OTT पर रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं. कियारा ने 2014 में फिल्म 'फगली' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. उसके बाद उन्होंने 'शेरशाह', 'भूल भुलैया 2', 'जुग जुग जियो' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया. कियारा की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वो जल्द ही 'सत्यप्रेम की कथा' में नजर आने वाली हैं.

---

## कमिटमेंट के सवालों को उठाती 'अ चीट डे'



नई शॉर्ट फिल्म 'अ चीट डे' की कहानी दो अजनबियों माया और चिराग के बीच के संवाद के इर्द-गिर्द घूमती है, जो संयोग से एक बार मिल जाते हैं. इस मुलाकात के दौरान दोनों कमिटमेंट और वफादारी के बारे में अपने-अपने विचार रखते हैं और उन सारी चीजों पर चर्चा करते हैं, जो इनके बीच में मौजूद है. इसमें राजीव सिद्धार्थ और ईशा चोपड़ा ने लीड भूमिकाएं निभाई हैं और ये फिल्म गौतम अरोड़ा द्वारा निर्देशित है. राजीव ने कहा कि इस फिल्म में माया और चिराग के बीच कई बार इश्कबाजी से तो कभी गुस्से से नोंकझोंक होती है. इससे कहानी का मुख्य सार सामने आता है और रिलेशनशिप में कमिटमेंट के क्या मायने हैं, इसे लेकर हमें एक नया नजरिया देखने को मिलता है. 'अ चीट डे' आधुनिक दुनिया में कमिटमेंट के मायने से जुड़े कुछ दिलचस्प सवालों को उठाती है और दिखाती है कि नये जमाने के रिलेशनशिप में यह कैसे लगातार बदल रहा है.

---

## ट्रोलर्स की बात सुनकर रो पड़ीं

# मोटापे को लेकर छलका भारती का दर्द



मलाइका अरोड़ा का शो 'मूविंग इन विद मलाइका' इन दिनों चर्चा में है. इस शो में सेलेब्स अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में दिल खोलकर बात करते हैं. शो में करण जौहर के बाद कॉमेडियन भारती सिंह पहुंचीं. मलाइका अरोड़ा की गेस्ट बनकर पहुंची भारती सिंह ने ट्रोलर्स को आड़े हाथों लिया. उन्होंने मलाइका की उम्र, कपड़े और पर्सनल लाइफ को लेकर ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया. सबको हंसाने वाली भारती, मलाइका के शो में उस वक्त इमोशनल हो गई जब मलाइका ने उनके मोटापे पर किए गए कुछ कमेंट्स पढ़े. हालांकि भारती सिंह ने अपने ही अंदाज में ट्रोलर्स को मजा भी चखा दिया.

### वजन को लेकर घरवाले ताना मारते थे



मलाइका से बात करते हुए भारती सिंह ने बताया कि किस तरह से लोग उनको मोटापे की वजह से ट्रोल करते हैं. कई बार घर में भी वो मोटापे को लेकर ताने सुन चुकी हैं. चैट शो में मलाइका कहती हैं- 'जिस तरह से मैं ट्रोल होती हूं, क्या उसी तरह आपको भी ट्रोल किया जाता है?' इसके जवाब में भारती सिंह कहती हैं- 'मैं बाहर ही नहीं, बल्कि घर पर भी ट्रोल हो चुकी हूं. खूब ताने सुने हैं. कभी आपने खाने में एक पराठा ज्यादा खा लिया तो घरवाले तुरंत कहने लगते थे, बस कर, लड़कियां इतना नहीं खाती हैं. तेरी शादी नहीं होगी.' भारती ने कहा- 'जब मैंने अपने रोका की फोटोज शेयर की तो लोगों ने खूब ट्रोल किया था. लोगों ने कमेंट किया कि अरे साइज देखा है अपना! ये असली कॉम्बिनेशन है हाथी और चींटी का! किसी की शादी पर लोग शुभकामनाएं देते हैं, लेकिन मुझे लोगों ने ऐसे कॉमेंट्स किए. मुझे बहुत दुख हुआ. वहीं कुछ लोगों ने कमेंट्स किए- बच्चे से शादी कर ली! हर्ष को भी लोगों ने कमेंट्स किए कि तू अंधा है क्या, कैसी लड़की से शादी कर रहा है? ये सब बातें करते हुए भारती इमोशनल हो गईं और आंसू छलक पड़े. भारती को रोता देख मलाइका ने उन्हें हग किया और संभालने की कोशिश की. भारती टोलर्स को मजा चखाने में भी पीछे नहीं रहतीं. वो मलाइका से कहती हैं, 'एक शो होना चाहिए. जिसने ट्रोल किया, वह सामने बैठे होना चाहिए, ताकि उनकी सामने बजा सकें'. इसके बाद मलाइका कुछ कॉमेंट्स पढ़ती हैं- 'इस उम्र में तुमने कैसे कपड़े पहने हैं?' भारती जवाब में कहती हैं, 'तुम क्या? इनके बाप लगते हो. वो जो मर्जी पहने, उनकी बॉडी है. कभी पतले लोगों पर बात तो कभी मोटे लोगों पर बात, तुम लोग इतने वेले हो क्या? कोई काम नहीं करते क्या?' मजाक में भारती ऐसे ट्रोलर्स को कुत्ते से कटवाने की बात भी करती हैं. मलाइका और भारती खूब हंसती हैं.

---

# श्रिया ने छुपाकर रखी थी अपनी प्रेग्नेंसी की बात

बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही फिल्म 'दृश्यम 2' में अजय देवगन की पत्नी का किरदार निभाने वाली साउथ एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर खुलासा किया. श्रिया ने हाल ही में अपनी बेटी राधा के बारे में बातें कीं. इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेगेंन्सी की अनाउंसमेंट न करने की वजह भी बताई. श्रिया ने कहा कि अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में न बोलने की खास वजह यह थी कि वह इसे अपना समय बनाना चाहती थीं और खुद के साथ समय बिताना चाहती थीं. उन 6 महीनों को राधा के साथ बिताना चाहती थी. उन्होंने यह भी कहा कि वह मोटा होना चाहती थीं और इस बात की चिंता नहीं करती थीं कि लोग उनके बारे में क्या कहेंगे या फिर क्या लिखेंगे. श्रिया ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा- मैं डरी हुई थी कि अगर मैं अपनी प्रेग्नेंसी की बात का खुलासा करूंगी तो लोगों को मुझे काम देने में और ज्यादा वक्त लगेगा. ये विजुअल मीडिया है और लोग आपसे एक खास तरह से दिखने की उम्मीद रखते हैं. उन्होंने बताया कि वह पहले ही 3 फिल्में साइन कर चुकी हैं. श्रिया ने बताया कि जब बेटी राधा 9 महीने की थी, तभी से उन्होंने अपना वजन कम करना शुरू कर दिया था.



### रूसी ब्वॉयफ्रेंड से 2018 में की थी शादी

श्रिया 2018 में रूसी ब्वॉयफ्रेंड आंद्रेई कोशेव के साथ शादी के बंधन में बंधी थीं. पिछले साल अक्टूबर में श्रिया ने घोषणा की कि वह और आंद्रेई 10 जनवरी 2021 को पैदा हुई बेटी राधा के माता-पिता हैं. श्रिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो 18 नवंबर को रिलीज हुई फिल्म 'दृश्यम 2' में नजर आई थीं. अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना के साथ वाली उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जमकर गदर मचा रही है. फिल्म ने 200 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. वहीं, इसी साल आई फिल्म 'आरआरआर' में भी श्रिया ने कैमियो किया था.

---

## एक कार्यक्रम में दोनों साथ दिखे


# जाह्नवी-शिखर के अफेयर की अटकलें

**फिल्म 'मिली' में नजर आईं जाह्नवी कपूर को अब उनके एक्स ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ एक बार फिर देखा गया है. दोनों ने दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में साथ भाग लिया है. खास बात यह है कि शिखर पहाड़िया ने जाह्नवी कपूर की तस्वीरों पर लिखा है, 'मा चेरी.'**



दोनों की कंफर्टनेस को देखकर ऐसा लगता है कि दोनों एक बार फिर से साथ में हैं. एक पैपाराजी ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है. इसमें जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया को साथ देखा जा सकता है. जाह्नवी ने खूबसूरत ड्रेस पहन रखी है. वहीं उन्होंने मैचिंग ओवरकोट और हिल्स भी पहन रखी है. उनके बाल खुले हुए हैं. वहीं शिखर पहाड़िया ने सिमरी जैकेट पहन रखी है और वह किसी से बात करते नजर आ रहे हैं. जाह्नवी के चेहरे पर मुस्कान है. वहीं शिखर भी बीच-बीच में हंसते हुए नजर आ रहे है. इस पर एक फैन ने प्रश्न पूछते हुए लिखा है, 'ओरी कौन है फिर.' एक अन्य ने लिखा है, 'अरे भाई दिल तोड़ दिया आपने तो.' एक ने लिखा है, वाह.' शनिवार को जाह्नवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया तस्वीरें भी शेयर की थीं. इसमें उन्हें ब्लैक कलर की ड्रेस में फोटोशूट कराते हुए देखा जा सकता है. वह ब्लैक गाउन में एक अवार्ड सेरेमनी में भाग लेने पहुंची थीं. इस पर वरुण धवन, श्रद्धा कपूर, पहाड़िया ने भी कमेंट किया था. शिखर पहाड़िया ने लिखा था, 'मा चेरी.' इसका मतलब होता है, 'माय डियर या मेरी स्वीटहार्ट.' पहाड़िया को हाल ही में जाह्नवी कपूर के साथ मालदीव में वेकेशन मनाते हुए भी देखा गया था. जाह्नवी कपूर ने शिखर के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं. इस पर फैंस ने दोनों के साथ होने की बात का भी पता लगा लिया था. दरअसल दोनों ने एक ही तस्वीर शेयर की थी और अलग-अलग कमेंट किए थे. शिखर पहाड़िया सुशील कुमार शिंदे के पोते हैं जो कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं. उन्होंने इसके पहले भी जाह्नवी कपूर को डेट किया था. हालांकि बाद में दोनों अलग हो गए थे. कॉफी विद करण 7 में करण जौहर ने दोनों के अफेयर की बात की लगभग पुष्टि कर दी थी.

---





# 9 साल बाद वापसी करेंगे संतोषी

**फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी जनवरी 2023 में फीचर फिल्म 'गांधी-गोडसे : एक युद्ध' के साथ अपनी वापसी करेंगे. राजकुमार संतोषी ने हाल ही में अपनी इस फिल्म की अनाउंसमेंट की और इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है. हालांकि फिल्म की स्टारकास्ट से अभी तक पर्दा नहीं उठा है.**

'गांधी-गोडसे : एक युद्ध' में महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे की दो विपरीत विचारधाराओं के बीच युद्ध को दिखाया गया है. निमार्ताओं ने हाल ही में फिल्म की घोषणा करने के लिए एक वीडियो जारी किया. फिल्म में ऑस्कर और ग्रैमी विजेता संगीतकार एआर रहमान का संगीत होगा. संतोषी प्रोडक्शंस एलएलपी की मनीला संतोषी द्वारा निर्मित यह फिल्म 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. राजकुमार की वर्कफ्रंट देखी जाए तो 'अंदाज अपना अपना', 'घायल', 'खाकी', 'चाइना गेट', 'अजब प्रेम की गजब कहानी' और 'द लेजेंड ऑफ भगत सिंह' जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक 9 साल बाद यह फिल्म लेकर आ रहे हैं. उनकी आखिरी फिल्म 'फटा पोस्टर निकला हीरो' थी जिसमें शाहिद कपूर और इलियाना डीक्रूज ने अभिनय किया था.

---

# ज्ञान का परीक्षण करता 'बिजनेस बाजी'

**क्विज शो 'बिजनेस बाजी' प्रतियोगियों के भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मामलों के ज्ञान का परीक्षण करता है.**

इस शो को अभिनेता अपारशक्ति खुराना और कॉमिक कलाकार संकेत भोसले ने होस्ट किया है. अपारशक्ति ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, मैंने कई शो की मेजबानी की है, लेकिन बिजनेस बाजी उन सभी में सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभव है. इन प्रतियोगियों के दिमागों में ज्ञान की गहराई होती है. क्विज शो में प्रत्येक एपिसोड में अलग-अलग स्कूलों और कॉलेजों के 2 छात्रों की तीन टीमें होती हैं.




13 एपिसोड वाले इस एमएक्स प्लेयर शो में, 9 एपिसोड क्वालीफाइंग राउंड होंगे जिसमें सेमीफाइनल और 1 ग्रैंड फिनाले के लिए 3 एपिसोड होंगे. अंतिम विजेता को ट्रॉफी और 10 लाख रुपये नकद पुरस्कार मिलेगा.

---

Gadgets जोन

# एचडी प्लस एलसीडी डिस्प्ले वाला फोन





**ओप्पो ने A58x 5G को लांच कर दिया है. इसमें 6.56 इंच की एचडी प्लस एलसीडी डिस्प्ले दी गई है, जो (720 x 1612 पिक्सल) रिजॉल्यूशन और 90 हट्र्ज रिफ्रेश रेट के साथ आती है.**

डिस्प्ले के साथ 269 पीपीआई डेनसिटी और 600 निट्स की ब्राइटनेस मिलती है. फोन के साथ मीडियाटेक डाइमेंसिटी 700 प्रोसेसर और 8 जीबी LPDDR4x के साथ 128 जीबी की यूएफएस 2.2 स्टोरेज मिलती है. फोन में सिक्योरिटी के लिए साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर और फेस अनलॉक की सुविधा मिलती है. इसके साथ डुअल कैमरा सेटअप मिलता है, जिसमें 13 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा सेंसर और 2 मेगापिक्सल का सेकेंडरी कैमरा मिलता है. फोन में सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मिलता है. कैमरे के साथ नाइट मोड, एआई आईडी फोटो, टाइम-लैप्स, स्लो मोशन और अन्य फीचर्स मिलते हैं. फोन को 5,000 एमएएच बैटरी से लैस किया गया है, जो 10 वॉट चार्जिंग को सपोर्ट करती है. फोन में अन्य कनेक्टिविटी के लिए डुअल बैंड वाई-फाई, ब्लूटूथ 5.3, यूएसबी टाइप-सी पोर्ट और 3.5 मिमी ऑडियो जैक का सपोर्ट मिलता है.

---

# 'गदर 2' को किसी सुपरस्टार की जरूरत नहीं

### अनिल शर्मा का खुलासा

सनी देओल और अमीषा पटेल की 2001 में आई रोमांटिक पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'गदर : एक प्रेम कथा' का जल्द ही सीक्वल आने वाला है. फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है. जल्द ही पूरी फिल्म बनकर तैयार हो जाएगी. फैंस तारा सिंह और सकीना को बड़े बर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं. फिल्म का आखिरी शेड्यूल अहमदनगर में शूट किया जा रहा है. लव सिन्हा ने जानकारी देते हुए ट्वीट किया, 'गदर-2 के आखिरी शेड्यूल के लिए अहमदनगर में'.



डायरेक्टर अनिल शर्मा से जब पूछा गया कि क्या इस बार फिल्म में कोई स्पेशल अपीयरेंस होगा? तो उन्होंने कहा, 'गदर को किसी अभिनेता की जरूरत नहीं है, यह अपने आप में एक बड़ा अभिनेता है. उसे सिर्फ तारा सिंह (सनी देओल), सकीना (अमीषा पटेल) और जीते (उत्कर्ष शर्मा) की जरूरत है'. हाल ही में अनिल शर्मा ने अपनी प्रमुख जोड़ी सनी और अमीषा के साथ एक तस्वीर साझा की थी. उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था, 'पालमपुर शेड्यूल के आखिरी दिन #तारासिंह #सकीना के साथ एक पल साझा करना.. इन प्रतिष्ठित पात्रों के साथ फिर से जीने का क्या शानदार अनुभव है.' गदर-1 में अमरीश पुरी भी अहम भूमिका में थे. सनी की पिछली कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर नहीं चलीं, लेकिन अब सभी की निगाहें 'गदर 2' पर हैं. निर्माताओं ने अभी तक आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा नहीं की है, लेकिन कथित तौर पर यह अगले साल स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज हो सकती है. इस फिल्म से लंबे अंतराल के बाद अमीषा पटेल भी बॉलीवुड में वापसी करेंगी. उनकी आखिरी रिलीज 'भैयाजी सुपरहिट' थी जिसमें सनी देओल भी थे और यह 2018 में रिलीज हुई थी.

---

# सफलता पाने जलाएं दिमाग की बत्ती

**अगर आप अपने दिमाग का सही तरह से इस्तेमाल करते हैं तो आपको सफल होने से कोई भी नहीं रोक सकता. आपको अपने दिमाग के काम करने के तरीके के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करनी चाहिए. आपको अपने ब्रेन की क्षमताओं पर भरोसा करके मंजिल प्राप्त करने की दिशा में जुट जाना चाहिए. विभिन्न शोध बताते हैं कि दिमाग को जितना ज्यादा व्यस्त रखते हैं, दिमाग उतना ही शॉर्प बनता है. दिमाग भी शरीर के बाकी अंगों की तरह होता है. यदि हम व्यायाम नहीं करते हैं तो शरीर मजबूत नहीं बनता. उसी तरह अगर हम दिमाग को व्यस्त नहीं रखते हैं तो यह धीरे-धीरे सुस्त हो जाता है. आपको रोज नई स्किल्स सीखने का प्रयास करते रहना चाहिए.**

### लक्ष्यों को लिखें

आपको अपने कार्यों या लक्ष्यों को लिख लेना चाहिए. ये लक्ष्य रोज के भी हो सकते हैं और लॉन्ग टर्म के भी. इन्हें अलग-अलग लिखना जरूरी होता है. इससे काम को एक निश्चित क्रम में करने के लिए प्रेरित होते हैं. अगर दिमाग से बात करने की आदत बना लेंगे तो समझ में आने लगेगा कि आपको आगे क्या करना है.





### गतिविधियों पर गौर करें

रोज सोने से पहले पूरे दिन की गतिविधियों पर गौर करने की आदत डालनी चाहिए. छोटी-छोटी बातों पर विचार करना चाहिए. इससे दिमाग मजबूत बनता है. खुद से सवाल करें- आज दिनभर में मैंने क्या खास सीखा? क्या मैंने अपने दिमाग को किसी तरह की चुनौती दी? खास चीजों को याद करने की कोशिश करें. आप जिन लोगों से मिले, उनके नाम दोहराएं.

### टेंशन न लें

तनाव दिमाग को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है. किसी भी बात की टेंशन नहीं लेनी चाहिए. टेंशन के कारण दिमाग काम करना बंद कर देता है. आपको पता होना चाहिए कि आप किस बात से सबसे ज्यादा तनाव में आ जाते हैं. तनाव को दूर करने के लिए आपको क्रिएटिव तरीकों की मदद लेनी चाहिए. आपको दिमाग को कुछ देर के लिए खाली भी छोड़ना चाहिए.

### मल्टीटास्किंग से बचें

कुछ लोगों को लगता है कि एक साथ कई काम करने से समय बचता है, पर मल्टीटास्किंग से दिमाग को नुकसान पहुंचता है. दिमाग एक काम को एक समय में बेहतर तरीके से पूरा कर सकता है, जबकि प्रोफेशनल लाइफ में मल्टीटास्किंग को एक गुण की तरह देखा जाता है. मल्टीटास्किंग से सीखने की आदत खत्म होती है और आप मशीन बनने लगते हैं.

एक नज़र

पाक विदेश मंत्री की अभद्र टिप्पणी का विरोध

## भाजपा ने किया




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर असभ्य और अप्रिय व्यक्तिगत हमला करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदर्शन के दौरान विभिन्न राज्यों की राजधानियों में नारेबाजी की और पाकिस्तान एवं भुट्टो के पुतले फूंके तथा उन्हें 'विद्वेष मंत्री' करार दिया।


उन्होंने पाकिस्तानी विदेश मंत्री से भारत के 135 करोड़ लोगों से माफी मांगने की भी मांग की। पार्टी ने कहा, भारत प्रधानमंत्री मोदी पर भुट्टो की असभ्य और अप्रिय टिप्पणी की एकस्वर से निंदा करता है और विरोध जताता है। पार्टी ने कहा कि प्रत्येक राज्य में प्रदर्शन किया गया। ज्ञात हो कि विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान पर करारा प्रहार करने के बाद भुट्टो ने यह टिप्पणी की थी।

## अभियोजन शुरू करने की सीमा अब दो करोड़ होगी



**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद ने नियमों के अनुपालन में की जा रही कुछ गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से बाहर रखने पर शनिवार को सहमति जताई। इसके साथ ही अभियोजन शुरू करने की सीमा को दोगुना कर दो करोड़ रुपए करने और नकली चालान के लिए एक करोड़ रुपए की सीमा बरकरार रखने का फैसला किया गया। परिषद ने अपनी 48वीं बैठक में एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स) की परिभाषा को भी स्पष्ट करते हुए इन वाहनों पर 22 प्रतिशत मुआवजा उपकर लगाने का फैसला किया। परिषद ने एमयूवी (मल्टी यूटिलिटी व्हीकल) को परिभाषित करने के लिए मापदंड तैयार करने का फैसला भी किया। इस बैठक में ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो पर जीएसटी लगाने पर कोई चर्चा नहीं हुई क्योंकि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की अध्यक्षता वाले मंत्री समूह) ने इस मुद्दे पर कुछ दिन पहले ही रिपोर्ट सौंपी थी।

## कुतुब मीनार विवाद पुनर्विचार आदेश स्थगित



**नई दिल्ली।** यहां की एक अदालत ने कुतुब मीनार परिसर के अंदर एक कथित मंदिर परिसर में हिंदू और जैन देवी-देवताओं की मूर्तियों को पुनर्स्थापित करने के अनुरोध संबंधी हस्तक्षेप याचिका को खारिज करने के अपने पहले के निर्देश पर पुनर्विचार करने को लेकर आदेश स्थगित कर दिया। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने कहा, 24 दिसंबर को मामला आदेश या स्पष्टीकरण के लिए सूचीबद्ध रहें। इस बीच अंतरिम आदेश जारी रहेगा। सत्र के दौरान न्यायाधीश को पूर्वोत्तर जिले में आधिकारिक उद्देश्यों के लिए एक अन्य अदालत में पहुंचने के बाद मामले को स्थगित कर दिया गया।

# कोई भी राजनीतिक तौर पर मुझे ख़त्म नहीं कर सकता: बी.एस. येदियुरप्पा

**बेंगलुरू/कोप्पल।** कर्नाटक में भाजपा के कद्दावर नेता बी.एस. येदियुरप्पा ने पार्टी में नजरअंदाज किए जाने की खबरों को गुरुवार को खारिज करते हुए कहा कि वह खुद शक्तिशाली हैं और कोई भी उन्हें राजनीतिक तौर पर खत्म नहीं कर सकता। इस बीच, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने अपने पूर्ववर्ती येदियुरप्पा के साथ मतभेदों की खबरों को खारिज कर दिया। कोप्पल जिला मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और बोम्मई के साथ एक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद वहां से रवाना होने से पहले येदियुरप्पा ने पत्रकारों से कहा, इस बात में कोई सच्चाई नहीं है कि मुझे नजरअंदाज किया जा रहा है। मैं सभी कार्यक्रमों में शिरकत कर रहा हूं। येदियुरप्पा



के करीबी सूत्रों के अनुसार पहले उन्होंने कोप्पल में हुए कार्यक्रम में शिरकत नहीं करने का फैसला लिया था। उन्होंने गुरुवार सुबह कहा कि वह कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उन्हें आमंत्रित करने की कोई जरूरत नहीं थी क्योंकि पार्टी के कार्यक्रमों में शिरकत करना उनका कर्तव्य है। येदियुरप्पा से पूछा गया कि क्या वह इसलिए वहां नहीं जाना चाहते थे क्योंकि उन्हें आखिर तक निमंत्रण नहीं मिला था। इसपर उन्होंने कहा, इसमें कोई सच्चाई नहीं है। मैं बुधवार को इस स्थिति में नहीं था कि वहां जा सकूं। क्योंकि मुझपर कार्यक्रम में शरीक होने का दबाव था, इसलिए मैंने शिरकत करने का फैसला किया।

### येदियुरप्पा के साथ मतभेद नहीं



मुख्यमंत्री बोम्मई ने अपने और येदियुरप्पा के बीच किसी भी मतभेद से इनकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा, यह सब झूठ है। येदियुरप्पा हमारे सर्वोच्च नेता हैं। हम उन्हें सबसे आगे रखते हुए सभी गतिविधियां चला रहे हैं। उनका आशीर्वाद हमारे साथ है। हमारे बीच कोई मतभेद नहीं हो सकता। ऐसी बातें करने वालों को निराशा ही मिलेगी। उनके के साथ मेरा बेटे और पिता का रिश्ता है। इसलिए, कभी भी किसी भी कारण से मतभेद नहीं होगा। जो इसकी उम्मीद कर रहे हैं उन्हें निराशा ही हाथ लगेगी।

### समुदायों को बांट रही है कांग्रेस: नड्डा

**कोप्पल।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने गुरुवार को कर्नाटक के 10 जिलों में भाजपा के दफ्तरों का उद्घाटन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस समुदायों को बांट रही है और विकास के बारे में कुछ नहीं जानती। कांग्रेस को पता नहीं है कि विकास क्या होता है। वे सिर्फ एक ही बात जानते हैं - सत्ता में कैसे आना है और इसका उपयोग अपने उद्देश्य के लिए कैसे करना है और कमीशन के माध्यम से कमाई करना है। कांग्रेस इससे आगे नहीं सोच सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को छोड़कर सभी दल अपने परिवारों की सेवा करने और कमीशन के माध्यम से कमाई के लिए सत्ता में आते हैं।

पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक: अवैध घुसपैठ, सीमा पार से तस्करी पर हुई चर्चा

# सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की ज़िम्मेदारी राज्य की भी: शाह

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक में मुख्यमंत्रियों को संकेत दिया कि भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की जिम्मेदारी सीमा सुरक्षा बल के साथ ही राज्यों की भी है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शाह की अध्यक्षता में यहां पश्चिम बंगाल सचिवालय में शनिवार को हुई 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में अवैध घुसपैठ, सीमा पार से तस्करी और संवेदनशील भारत-बांग्लादेश सीमा से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारी ने बताया कि बैठक में राज्यों के बीच परिवहन सुविधाओं और जल-बंटवारे पर भी बातचीत हुई।

सूत्रों के मुताबिक, इस वर्ष की शुरुआत में बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र में बढ़ोतरी के मद्देनजर उसकी भूमिका पर चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक, माना जा रहा है कि जवाब में गृह मंत्री ने संकेत दिया है कि सीमा सुरक्षा में राज्य सरकारों की भी भूमिका है।



*कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को कोलकाता में पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ।*

### भाजपा नेताओं से कहा... पार्टी को करें मजबूत

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के नेताओं से पंचायत चुनाव से पूर्व टीएमसी शासित राज्य में पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को कहा है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने बताया कि शाह ने यहां आने के बाद राज्य के पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की और कहा कि भाजपा को टीएमसी के खिलाफ जनता के असंतोष का फायदा उठाना चाहिए। घोष ने कहा,शाह जानते हैं कि लोग पश्चिम बंगाल में बदलाव चाहते हैं, लेकिन टीएमसी के हमलों और धमकियों का मुकाबला करने के लिए, भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से उनका मुकाबला करेगी। शाह ने शुक्रवार रात घोष और अन्य नेताओं के साथ आधे घंटे की बैठक की। टीएमसी के प्रवक्ता जॉय प्रकाश मजूमदार ने दावा किया कि यह भाजपा की राज्य इकाई को बिखरने से बचाने का एक निरर्थक प्रयास था।

### नक्सलियों की जानकारी होगी एकत्र


बैठक में झारखंड-ओडिशा और बंगाल में माओवादी गतिविधियों के फिर से होने पर भी चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया कि नक्सल गतिविधियों को बेअसर करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के समन्वय के लिए राज्य और केंद्र सरकार रेड जोन में माओवादी गतिविधियों पर वास्तविक समय की जानकारी एकत्र करेंगी।

### पडोसी राज्यों से हथियारों की तस्करी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि पड़ोसी राज्यों से बंगाल में हथियारों की तस्करी की जा रही है और इस खतरे को रोकने के लिए समन्वित कदमों की जरूरत है। शाह परिषद के अध्यक्ष हैं। बैठक में उनके साथ गृह मंत्रालय के पांच अधिकारी थे।

भगोड़े की अर्जी UK में खारिज

## नीरव को अब तो भारत आना पड़ेगा... जेल का खाना खाना पड़ेगा



**नई दिल्ली।** भारत से हजारों करोड़ रुपए का लोन लेकर भागे हीरा कारोबारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यर्पण के खिलाफ नीरव मोदी की याचिका को खारिज कर दिया है। नीरव मोदी के पास प्रत्यर्पण को टालने का यह आखिरी विकल्प था। फिलहाल, वह लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में बंद है। अब उसे भारत आना ही होगा। पिछले महीने ही नीरव मोदी ने ब्रिटेन के हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी और प्रत्यर्पण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अर्जी डालने की मांग की थी। इससे पहले हाई कोर्ट ने नीरव मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर प्रत्यर्पण से राहत की मांग की थी। नीरव का कहना था कि यदि उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया तो फिर वह तनाव में आ जाएगा और वह अपनी जान भी दे सकता है। अदालत ने उसके इस तर्क को खारिज कर दिया था और कहा था कि उसका स्वास्थ्य पूरी तरह से सही है।

### साल 2018 में भाग गया था

पीएनबी से लोन लेकर हजारों करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला उजागर होने से पहले ही नीरव मोदी 2018 में भारत से भाग गया था। तब से सरकार उसके प्रत्यर्पण की लगातार कोशिश करती रही है, जिसे वह तमाम दलीलें देकर टालता रहा है। नीरव मोदी का मुद्दा देश की संसद में भी अक्सर उठता रहा है।

### सबूत मिटाने के भी लगे हैं आरोप

इस मसले पर विपक्ष सरकार पर हमलावर रहा है। 13,500 करोड़ रुपए का फ्रॉड करने वाले नीरव मोदी ने अकेले पीएनबी को ही 7000 करोड़ रुपए का चूना लगाया था। नीरव मोदी पर धोखाधड़ी के अलावा सबूतों को मिटाने और गवाहों को धमकाने के आरोप भी हैं। नीरव का प्रत्यर्पण के खिलाफ आखिरी अपील में भी हार जाना सरकार के लिए बड़ी जीत की तरह है।

मुंबई: तीन दलों के गठबंधन ने निकाला मार्च

# महाविकास अघाड़ी ने एक सुर में की राज्यपाल कोश्यारी को हटाने की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के खिलाफ विभिन्न मुद्दों को लेकर शनिवार को मुंबई में 'हल्ला बोल' प्रदर्शन मार्च निकाला और छत्रपति शिवाजी महाराज समेत प्रतिष्ठित हस्तियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को हटाने की मांग की।

मार्च में बड़ी संख्या में इन दलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (उद्धव-बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राकांपा नेता अजित पवार ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। मार्च के समापन पर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) में आयोजित रैली को राकांपा प्रमुख शरद पवार, पार्टी नेता अजित पवार, पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने संबोधित किया। मार्च दोपहर के करीब भायखला में जे जे अस्पताल के पास एक कंपनी से शुरू हुआ था। इसमें उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे और छोटे बेटे तेजस भी शामिल हुए। समाजवादी पार्टी, माकपा, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) और अन्य दलों ने भी मार्च में भाग लिया।



### प्रदर्शन सहयोगी दलों को एकजुट करने का प्रयास

इस साल जून में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के गिरने के बाद एमवीए के प्रदर्शन को सहयोगी दलों को एकजुट करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राकांपा और कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता सुबह से ही जे जे अस्पताल के पास जमा होने लगे थे। जब दोपहर के आसपास मार्च शुरू हुआ, तब उन्हें शिवाजी महाराज और फुले के बैनर, तख्तियां और चित्र लिए देखा गया।

## भाजपा ने लगाया हिंदू देवताओं के अपमान का आरोप, माफी मांगे एमवीए

**मुंबई।** भाजपा ने मुंबई के सभी छह लोकसभा क्षेत्रों में शनिवार को विरोध प्रदर्शन आयोजित कर हिंदू देवताओं के अपमान और बी.आर अंबेडकर के जन्मस्थान के बारे में विवाद खड़ा करने के कथित प्रयास के लिए शिवसेना (उद्धव ठाकरे) समेत एमवीए के नेताओं से माफी की मांग की। भाजपा ने आरोप लगाया कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की उपनेता सुषमा अंधारे ने हिंदू देवताओं और संतों का अपमान किया था। पार्टी ने शिवसेना सांसद संजय राउत के यह कहने के लिए भी उनपर निशाना साधा कि बी. आर. अंबेडकर महाराष्ट्र में पैदा हुए थे।अंबेडकर मध्य प्रदेश के महू में पैदा हुए थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने अंधारे और राउत द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए एमवीए नेताओं से माफी मांगने को कहा।

हिलव्यू समाचार

विविध

जयपुर
बुधवार, 21 दिसम्बर 2022


एक नज़र

सुबह 10 से रात 9 बजे तक मिलेगी सुविधा

# बुजुर्ग-बच्चे गोल्फ कार्ट में घूम सकेंगे सिटी पार्क



**जयपुर**। मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में जल्द ही गोल्फ कार्ट सुविधा शुरू होगी जिससे बच्चे और बुजुर्ग पार्क में कार से घूम सकेंगे। हाउसिंग बोर्ड प्रशासन ने बताया कि इसके लिए उन्होंने कंपनियों से प्रस्ताव मांगा है। बोर्ड ने अपने प्रस्ताव में प्रति राइड प्रति व्यक्ति 100 रुपए चार्ज निर्धारित किया है जिस पर अभी विचार किया जा रहा है। कार सुविधा सुबह 10 से रात 9 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

हाउसिंग बोर्ड ने कंपनी को दो गोल्फ कार्ट कारें उपलब्ध करवाने के लिए कहा है जिसमें आठ सीटर कैपेसिटी के साथ चार्जिंग सुविधा हो। गौरतलब है कि सिटी पार्क प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा पार्क है जिसमें 3.5 किलोमीटर का ट्रेक है। पार्क में पहले फेज का ही काम हुआ है जबकि दूसरे फेज का कार्य प्रगति पर है। दूसरे फेज में एक बड़ा चिल्ड्रन प्ले एरिया बनाया जाएगा जिसमें छोटे बच्चों के लिए झूले लगाए जाएंगे। इसके अलावा सीनियर सिटीजन के लिए यहां ओपन जिम भी बनाई जाएगी। दूसरे फेज में ही शिप्रापथ थाने के सामने विशाल फाउंटेन बन रहा है जो यहाँ का सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# संजय बाज़ार, दुकान नम्बर 183 निगम ने की सीज

## नगर निगम जयपुर हैरीटेज के आदर्श नगर जोन द्वारा बक़ाया लीज राशि पर सीजर की बडी कार्यवाही निरन्तर जारी

कुलदीप गुप्ता

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। संजय बाज़ार स्थित दुकान नम्बर 183 की बकाया लीज राशि 8,60,204/- रुपये जमा नहीं कराये जाने पर जयपुर हैरीटेज निगम आयुक्त विश्राम मीणा के निर्देशानुसार आदर्शनगर जोन के उपायुक्त सुरेश राव के नेतृत्व में यह सीजर की कार्यावाही की गई। दुकान सीज की कार्यवाही के दौरान आदर्शनगर जोन से चेतन कुमार जैन,राजस्व निरीक्षक प्रीतम कुमार बिवाल,सहायक निरीक्षक राधामोहन सैनी व राजस्व की सम्पूर्ण टीम मौक़े पर मौजूद रही।

आदर्शनगर ज़ोन लगातार बक़ाया लीज राशि की वसूली के नोटिस जारी कर तत्पश्चात राशि जमा न होने पर निरन्तर कड़ी कार्यवाही भी कर रहा है। इस कड़ी कार्यवाही से निगम में राजस्व की बढ़ोतरी तो हो ही रही है साथ ही अन्य बकायादारों के लिए एक चेतावनी भी जा रही है।



इनका कहना है



लंबे समय से बक़ाया लीज राशि के सभी बकायादारों को निरन्तर लीज राशि जमा करने के नोटिस दिए गए हैं फिर भी जिन्होंने राशि जमा नहीं की अब उन पर कार्यवाही की जा रही है।

**सुरेश राव, उपायुक्त**
**आदर्शनगर जोन नगर निगम**
**हैरीटेज, जयपुर**

# रामबाग पैलेस को मिला एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड



**जयपुर।** 17 दिसंबर। एनर्जी कंजर्वेशन के प्रयासों के लिए रामबाग पैलेस को राजस्थान एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड्स 2022 की बिल्डिंग-होटल श्रेणी के तहत अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित किए गए थे। गौरतलब है कि होटल श्रेणी में यह अवॉर्ड पाने वाला रामबाग पैलेस राजस्थान का एकमात्र होटल है। होटल की सस्टेनेबल प्रैक्टिसिस के प्रति होटल की प्रतिबद्धता के बारे में बात करते हुए एरिया डायरेक्टर जयपुर-अजमेर और जनरल मैनेजर-रामबाग पैलेस अशोक एस. राठौड़ ने कहा कि होटल ने ऊर्जा खपत को कम करने के लिए विभिन्न पहल की हैं। इनमें पारंपरिक लाइटों को एलईडी लाइट फिटिंग से बदलना, बेहतर उपकरण दक्षता, एनर्जी एफिशिएंट एसी यूनिट्स स्थापित करना, एसी प्लांट में ऑटो ब्रश क्लीनिंग सिस्टम आदि शामिल हैं।

# राहुल गांधी ने किया पोस्टर का विमोचन




**जयपुर।** राहुल गांधी ने राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष और विधायक कृष्णा पूनिया के संघर्ष से लेकर सफलता तक पर लिखी गई पुस्तक के पोस्टर का विमोचन भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किया। स्वतंत्र खेल पत्रकार पीयूष कुलश्रेष्ठ की लिखी पुस्तक में कृष्णा के बचपन से लेकर उनके विधायक और क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष बनने तक के सफर पर प्रकाश डाला गया है। विमोचन के मौके पर कई ओलम्पियन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित और क्रीड़ा परिषद के मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि कृष्णा पूनिया ने कॉमनवेल्थ खेलों में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा था। वह क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष बनने वाली राजस्थान की पहली महिला खिलाड़ी हैं।



# भारत जोड़ो यात्रा में राहुल संग चले पार्षद नीरज अग्रवाल

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। लालसोट दौसा में आदर्शनगर, जयपुर नगर निगम हैरीटेज के वार्ड 93 के पार्षद नीरज अग्रवाल ने राहुल गाँधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में भाग लिया। नीरज अग्रवाल के आदर्शनगर, जयपुर कार्यालय पर गोवा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अमित पाटकर, नेता प्रतिपक्ष गोवा विधानसभा यूरी अलेमाओ, विधायक कार्लोस, विधायक एलटोन डी' कोस्टा ने शिरक़त की। 19 दिसम्बर को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लालसोट दौसा में राहुल गांधी,मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भारत जोड़ो यात्रा केंद्र प्रभारी जयराम रमेश, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व विधायक नाना भाऊ पटोले, मनोज त्यागी जी के साथ आदर्शनगर पार्षद नीरज अग्रवाल ने भी भाग लिया।



*आदर्शनगर,जयपुर नीरज अग्रवाल के कार्यालय पर गोवा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अमित पाटकर, नेता प्रतिपक्ष गोवा विधानसभा यूरी अलेमाओ,विधायक कार्लोस, विधायक एलटोन डी'कोस्टा की विजिट।*

मुख्यमंत्री ने आवासन मण्डल के कायाकल्प को सराहा

# कॉन्स्टीट्यूशन क्लब, कोचिंग हब, विधायक आवास सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए आवासीय योजनाओं जैसे प्रोजेक्टों को गति दे रहा है आवासन मंडल



**कार्यालय संवाददाता**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जवाहर कला केन्द्र में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्षनी में राजस्थान आवासन मण्डल के स्टॉल का अवलोकन किया। श्री गहलोत ने इस दौरान मंडल के कायाकल्प तथा विगत वर्षों में अर्जित उपलब्धियों की जमकर सराहना की।

मुख्यमंत्री के साथ पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखजिन्दर सिंह रंधावा तथा राज्य के पूर्व षिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा भी थे। श्री गहलोत ने श्री रंधावा को अवगत कराया कि आवासन मण्डल वह संस्था है जो राज्य की गत सरकार के समय बंद होने के कगार पर थी। लेकिन पवन अरोडा के आयुक्त बनने के बाद इस संस्था में नई जान आई और उनकी प्रषासनिक कार्यकुषलता और कार्यप्रणाली से इसका कायाकल्प संभव हुआ है। मंडल नित नए नवाचार कर रहा है और दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूषन ऑफ इंडिया की तर्ज पर जयपुर में कॉन्स्टीट्यूषन क्लब ऑफ राजस्थान, देष के प्रथम कोचिंग हब, विधायकों के लिए आवास, अखिल भारतीय सेवा तथा राज्य सेवा के अधिकारियों के लिए एआईएस और एसएस रेजीडेंसी बहुमंजिला आवासीय योजनाएं, जरूरतमंद वर्गों के लिए मुख्यमंत्री जन आवास योजना जैसे बड़े प्रोजेक्टों से मंडल ने नई पहचान कायम की है।



गहलोत ने आवासन मण्डल के स्टॉल पर प्रदर्षित कॉन्स्टीट्यूषन क्लब ऑफ राजस्थान के अद्भुत मॉडल को भी देखा और इस प्रोजेक्ट की प्रगति की जानकारी ली। आवासन आयुक्त श्री पवन अरोड़ा ने स्टॉल पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री, श्री रंधावा, श्री डोटासरा सहित अन्य अतिथियों का शॉल ओढाकर स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विधायक आवास की फिनिषिंग का काम चल रहा है। आने वाले साल में जून माह तक ये फ्लैट तैयार हो जाएंगे। आवासन आयुक्त ने मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री षिक्षक एवं प्रहरी आवासीय योजना, जयपुर चौपाटी आदि के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विगत 4 वर्षों में मण्डल द्वारा अर्जित उपलब्धियों पर आधारित बुकलेट का विमोचन भी किया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)